RNI : RAJHIN13216/2005

दैनिक
# गरीबों का सितारा

॥ दशकों पुराना साथ॥
निष्पक्ष कलम निर्भीक आवाज

"आमजन का अखबार" "जन-जन के विचार"
हर पल अपडेट के लिए Login करें : www.garibonkasitara.com
हमारा ध्येय : निष्पक्ष, निरंतर, निर्भय

वर्षः 17 अंकः 275 पेजः 8 मूल्य 01 रु. जयपुर, शुक्रवार 28 अप्रैल, 2023 Email: garibonkasitara@gmail.com

**सुविचार**

हमारी समस्या का हल सिर्फ हमारे पास ही है, दूसरों के पास तो हमारी समस्या का सुझाव है !

## राजस्थान में बारिश-आंधी का अलर्ट

### दोपहर बाद बदला मौसम, जैसलमेर समेत उदयपुर-राजसमंद में बारिश

सितारा न्यूज नेटवर्क

**जयपुर।** राजस्थान में एक्टिव हुए वेस्टर्न डिस्टर्बेंस और दक्षिणी राजस्थान में बने साइक्लोनिक सकुर्लेशन के कारण आज राजस्थान के आधे हिस्सों में आंधी-बारिश हो सकती है। दोपहर बाद इस सिस्टम का असर देखने को मिला। जैसलमेर और आस-पास के इलाकों में अचानक मौसम बदला और बारिश हुई। वहीं शाम 6 बजे बाद उदयपुर समेत आस-पास के इलाकों में अचानक से मौसम बदल गया। यहां उदयपुर शहर समेत राजसमंद में बारिश का दौर चला। इससे पहले बुधवार देर शाम को भी दक्षिण राजस्थान के कोटा, उदयपुर और अजमेर संभाग के जिलों में आंधी-बारिश के साथ ओलावृष्टि हुई। झालावाड़ा, बांसवाड़ा, भीलवाड़ा, बारां, उदयपुर जिलों में कई जगहों पर 14टट तक पानी बरसा। जयपुर मौसम केन्द्र के डायरेक्टर राधेश्याम शर्मा ने बताया कि राजस्थान के आसपास दो साइक्लोनिक सिस्टम बनने के कारण मौसम में ये बदलाव आया है। पहला सिस्टम राजस्थान के पास पाकिस्तान में बना है, जबकि दूसरा सिस्टम दक्षिणी राजस्थान में एमपी, गुजरात की सीमा पर। दक्षिणी क्षेत्र में बने सिस्टम को अरब सागर से नमी मिल रही है, जिसके कारण कल वेदर एक्टिविटी देखने को मिली है। उन्होंने बताया कि इस सिस्टम के असर से आज अलवर, झुंझुनूं, राजसमंद के अलावा बाड़मेर, बीकानेर, चूरू, हनुमानगढ़, जैसलमेर, जालोर, जोधपुर, नागौर, पाली और श्रीगंगानगर में आज दोपहर बाद मौसम में बदलाव होने के साथ आंधी-बारिश का दौर शुरू हो सकता है।





**14MM तक बारिश, 40KM स्पीड से चली आंधी**

राजस्थान में 26 अप्रैल को झालावाड़ा, बांसवाड़ा, भीलवाड़ा, बारां, उदयपुर, कोटा, राजसमंद, चित्तौड़गढ़ जिलों में कई जगहों पर थंडरस्ट्रार्म गतिविधियां हुईं। यहां कई जगहों पर 40ङ्ट स्पीड से तेज हवा चली और बारिश के साथ ओले गिरे। कोटा के कानावास में 10, बारां के अटरू में 12, भीलवाड़ा के बिजौलिया में 12, करेडा में 13, चित्तौड़गढ़ के बेंगू में 12, बांसवाड़ा के दानपुर में 14 और झालावाड़ के रायपुर में 12 और मनोहपुर थाना में 10टट बरसात हुई। बारां में कई जगहों पर ओले भी गिरे, जबकि राजसमंद, झालावाड़ में बिजली गिरने से हादसे हो गए।

**2 दिन पूरे राज्य में बारिश का अलर्ट**

राजस्थान में इन सिस्टम का सर्वाधिक असर 28 और 29 मार्च को देखने को मिलेगा। मौसम विभाग ने इन दो दिन राज्य के लगभग सभी जिलों में थंडरस्ट्रार्म गतिविधियां होने की संभावना जताते हुए सभी जिलों के लिए येलो अलर्ट जारी किया है। इसके अलावा 30 अप्रैल को भी इस सिस्टम का असर अजमेर, अलवर, भरतपुर, दौसा, धौलपुर, जयपुर, झुंझुनूं, करौली, सवाई माधोपुर, सीकर, टोंक, बीकानेर और चूरू जिलों में पड़ने की संभावना जताई है।

## राजस्थान पुलिस में बने 3 नए DG

### IPS अफसरों को मिला प्रमोशन ADG से पदोन्नत होकर मिली नई रैंक

सितारा न्यूज नेटवर्क

**जयपुर।** राजस्थान पुलिस महकमें में 3 IPS अफसर पदोन्नत होकर DG बन गए हैं। ADG पद से प्रमोट होकर तीनों IPS अफसरों को नया DG पद मिला है। राजस्थान पुलिस महकमें में अब कुल DG स्तर के 10 अधिकारी है। राज्य सरकार की ओर से गुरुवार को आदेश जारी कर तीनों अफसरों का प्रमोशन किया गया है। कार्मिक विभाग की ओर से गुरुवार को एक आदेश जारी किया गया। आदेशानुसार, 1991 बैच के 3 क्ढर अधिकारियों को ADG से DG पद पर पदोन्नत किया गया। IPS डी.जी जैन, ए.पोन्नूचामी और सौरभ श्रीवास्तव को ADG वेतन श्रृंखला से DG वेतन श्रखला में पदोन्नत किया गया है। DGP उमेश मिश्रा ने तीनों अफसरों को पदोन्नति पर बधाई दी। राजस्थान पुलिस महकमें में 3 नए DG बढ़ने के साथ DG स्तर के कुल 10 अफसर है। IPS उमेश मिश्रा DGP, भूपेन्द्र दक DG जेल, यू.आर साहू DG होमगार्ड, राजीव शर्मा DG RPA, नीना सिंह CISF में सेंट्रल डेपुटेशन पर, रवि प्रकाश DG साइबर क्राइम, जंगा श्रीनिवास DG पुलिस ट्रेनिंग, डी.सी जैन CBI में सेंट्रल डेपुटेशन पर, ए.पोन्नूचामी हाउसिंह और सौरभ श्रीवास्तव DG पद पर है।



ए.पोन्नूचामी | धर्मचंद जैन | सौरभ श्रीवास्तव

**पुलिस की गाड़ियों में बिना टिकट मैच देखने पहुंचे**

## एडिशनल कमिश्नर कुंवर राष्ट्रदीप ने धक्के देकर बाहर निकाला; 4 साल बाद जयपुर में खेले धोनी

सितारा न्यूज नेटवर्क

**जयपुर।** जयपुर के SMS स्टेडियम में गुरुवार रात खेले गए आईपीएल मैच में दर्शकों को बिना टिकट पुलिस ने एंट्री दिलाई। बाकायदा पुलिस की गाड़ियों में भर-भरकर इनलोगों को स्टेडियम के अंदर पहुंचाया गया। इसकी भनक एडिश्नल कमिश्नर कुंवर राष्ट्रदीप को लगी। वो फौरन मौके पर पहुंचे और धक्के दे-देकर बिना पास वालों को बाहर निकाला। गुरुवार को राजस्थान रॉयल्स और चेन्नई सुपर किंग्स (सीएसके) के बीच मैच खेला गया।

**शाम 6 बजे स्टेडियम पहुंची टीम**

इससे पहले गुरुवार शाम 6 बजे सीएसके की टीम स्टेडियम पहुंची तो फैंस ने भी जमकर स्वागत किया था। वहीं धोनी को लेकर इतना क्रेज है कि क्रिकेट प्रेमी उदयपुर, अजमेर और चित्तौड़गढ़ से मैच देखने जयपुर पहुंचे थे। यहां कई फैंस धोनी के समर्थन में पोस्टर लेकर आए थे राजस्थान रॉयल्स ने अपने ऑफिशियल अकाउंट से महेंद्र सिंह धोनी की फोटो शेयर की थी। जिसमें राजस्थान रॉयल्स के कप्तान और दूसरे खिलाड़ी सवाई मानसिंह स्टेडियम के गेट पर महेंद्र सिंह धोनी का स्वागत करते दिखाया गया था। राजस्थान रॉयल्स ने भी स्वीकार किया कि जयपुर में होने वाले इस मैच में धोनी को दर्शकों का भारी समर्थन मिला। राजस्थान रॉयल्स के बल्लेबाज यशस्वी जायसवाल ने कहा कि ग्राउंड पर धोनी की मौजूदगी सभी को पसंद आती है। उन्होंने कहा कि 'मैं यह जानता हूं कि धोनी को लेकर फैंस क्या महसूस करते हैं। धोनी को विरोधी टीम के खिलाड़ी और दर्शक भी पसंद करते हैं। मैं भी धोनी का गेम पसंद करता हूं और उनका बड़ा फैन रहा हूं।'



## पायलट पर सह-प्रभारी बोलीं-बोलने पर हम सीधे तलवार नहीं चलाते अमृता धवन ने कहा- हमसे कोई भी मन की पीड़ा कह सकता है

सितारा न्यूज नेटवर्क

**जयपुर।** राजस्थान में कांग्रेस की नई सह प्रभारी सचिव अमृता धवन ने सचिन पायलट मामले में एक्शन को लेकर जल्दबाजी नहीं करने के संकेत दिए हैं। धवन ने कहा- हम बोलने पर दूसरी पार्टियों की तरह सीधे तलवार चलाकर गर्दन नहीं काटते। सबको सुनते हैं। अमृता गुरुवार को जयपुर पहुंचीं। यहां खासाकोठी ?होटल में मीडिया से बातचीत कर रही थीं। सचिन पायलट के मुद्दे पर अमृता धवन ने कहा- किसी के मन में पीड़ा है तो वह कह सकता है। अपनी बात रख सकता है। हमें पार्टी ने कांग्रेस को मजबूत बनाने के लिए हैंड्स बनाकर भेजा है। पार्टी प्लेटफार्म पर आप जितना चाहें, उतना कह सकते हैं। मौका सबको दिया जाता है। सबको सुना जाएगा। हमारी पार्टी बीजेपी और दूसरी पार्टियों की तरह नहीं है कि बोले तो सीधे तलवार से गर्दन ही कटेगी। ऐसा हम नहीं करेंगे। हम सबको सुनेंगे।



**मतभेद तो परिवार में भी होते हैं**

धवन ने कहा- पार्टी में मतभेद और डिफरेंस ऑफ ओपिनियन होते हैं। मतभेद घर में भी होते हैं। परिवार में भी तो बच्चों के विचार कई बार मां-बाप से अलग हो सकते हैं। पार्टी भी परिवार की तरह है। ओपिनियन अलग हो सकते हैं, लेकिन मिलकर ही चुनाव लड़ेंगे। कांग्रेस पार्टी एक परिवार है।

**आम आदमी पार्टी दिल्ली में एक्सपोज हो चुकी**

धवन ने कहा- आम आदमी पार्टी ने दिल्ली में लोगों को भ्रमित किया है।

**मैं कुर्सी का कभी गुलाम नहीं बनूंगा**

## गुजरात में SWAGAT पोर्टल के 20 साल पूरे होने पर बोले पीएम मोदी






सितारा न्यूज नेटवर्क

**अहमदाबाद।** गुजरात में आज स्टेट वाईड अटेंशन ऑन ग्रिवांसेस थ्रू एप्लीकेशन ऑफ टेक्नोलॉजी पोर्टल को लॉन्च हुए पूरे 20 साल हो गए। वर्ष 2003 में आज ही दिन गुजरात के सीएम रहते हुए नरेंद्र मोदी ने यह पोर्टल लॉन्च किया था। अहमदाबाद में आयोजित कार्यक्रम को उन्होंने वर्चुअली संबोधित किया। उन्होंने कहा- जब मैंने इस पोर्टल को लॉन्च किया था, तभी यह सोच लिया था कि मैं किसी भी सूरत में कुर्सी की मजबूरियों का गुलाम नहीं बनूंगा। पीएम मोदी ने आगे कहा- मुझे अभी पुराने अनुभवों को सुनने का, पुरानी यादें ताजा करने का मौका मिला। मुझे इस बात का संतोष है कि हमने जिस उद्देश्य से 'स्वागत' को शुरू किया था वो पूरी तरह सफल रहा। इसके जरिए लोग ना सिर्फ अपनी समस्या का हल कर पा रहे हैं बल्कि अपने साथ-साथ सैकड़ों परिवारों की बात भी उठा रहे हैं।' पीएम मोदी ने बतौर गुजरात के सीएम 24 अप्रैल 2003 को पहली बार जिला और राज्य स्तर पर इस पोर्टल को लॉन्च किया था। पीएम मोदी ने बतौर गुजरात के सीएम 24 अप्रैल 2003 को पहली बार जिला और राज्य स्तर पर इस पोर्टल को लॉन्च किया था। हमेशा वैसा ही रहूंगा, जैसा मुझे लोगों ने बनाया है उन्होंने आगे कहा- मैंने जब स्वागत की शुरूआत की थी तो मुझे बहुत ज्यादा समय मुख्यमंत्री बने नहीं हुआ था। लोग मुझसे कहा करते थे कि एक बार कुर्सी मिल जाती है तो लोग बदल जाते हैं। लेकिन मैं मन में तय करके बैठता था कि मैं हमेशा वैसा ही रहूंगा, जैसा मुझे लोगों ने बनाया है। लोगों के बीच से जो अनुभव प्राप्त किए हैं। मैं किसी भी सूरत में कुर्सी की मजबूरियों का गुलाम नहीं बनूंगा। गवर्नेंस के गुजरात मॉडल की आज पूरी दुनिया में एक पहचान बन गई है। स्वागत के तौर पर हमने एक प्रैक्टिकल सिस्टम तैयार किया है।

"सितारे का साथ-आपके हाथ"



अब पढ़े = कहीं भी, कभी भी

आपका पसंदीदा समाचार पत्र
अब पढ़ सकेंगे मोबाईल और कंप्यूटर पर भी

अब अखबार ऑनलाइन वेबसाइट एवं व्हाट्सएप पर भी उपलब्ध

अगर आपको आपके दैनिक अखबार "गरीबों का सितारा" की प्रति प्राप्त नहीं हो रही है तो अब आप मैसेज करके एवं ऑनलाइन माध्यम से भी अखबार पढ़ सकते हैं...

Log in करे : www.garibonkasitara.com

अखबार की पीडीएफ प्राप्त करने के लिए आज ही अपना नाम और क्षेत्र हमें मैसेज करें...
8233553666, 9782527840, 9828853546
या बार कोड स्कैन करे...

॥ सन् 1987 से प्रकाशित अखबार ॥

गरीबों का सितारा
निष्पक्ष कलम | निर्भीक आवाज

भारत व राजस्थान सरकार से सरकारी विज्ञापनों हेतु स्वीकृत अखबार

अधिक जानकारी के लिए सम्पर्क करें...
राजेन्द्र शर्मा (प्रधान सम्पादक) Mob. 7733050125

अपना शहर
क्षेत्र का नं. 1 अखबार
गरीबों का सितारा
हर पल अपडेट के लिए Login करें : www.garibonkasitara.com
जयपुर
शुक्रवार, 28 अप्रैल, 2023


पूर्वानुमान> 25°

| | शुक्र | शनि | रवि | सोम |
|---|---|---|---|---|
| अधिकतम> | 36°c | 36°c | 35°c | 31°c |
| न्यूनतम> | 22°c | 22°c | 23°c | 21°c |

कारण बताओ नोटिस...

# ब्यावर के आयुक्त अधिशाषी अभियंता और सहा. अभियंता को उपखण्ड अधिकारी ने थमाया नोटिस

## मंहगाई राहत शिविर में प्रभारी होने के बावजूद बरत रहे थे लापरवाही

सितारा न्यूज नेटवर्क





**ब्यावर (अनिल सिखवाल)।** प्रदेश में चल रहे मंहगाई राहत कैम्प के तहत चांगगेट पर आयोजित कैम्प में ब्यावर नगर परिषद के प्रभारी अधिकारियों के द्वारा लापरवाही बरतने के आरोप में उपखण्ड अधिकारी मृदुलसिंह ने कारण बताओ नोटिस जारी किया है। उन्हें बताया है कि कैम्प में बरती गई लापरवाही का शीघ्र जवाब स्वयं उपस्थित होकर देवें अन्यथा अनुशासनात्मक का?वाही की चेतावनी दी है। उपखण्ड अधिकारी सिंह ने यह भी बताया कि शिविर स्थल पर लापरवाही बरतने के कारण राज्य की छवि धूमिल होने व साथ ही साथ प्रशासनिक व्यवस्थाओं के प्रति आमजन में विपरीत धारणा उत्पन्न होती है। उपखण्ड अधिकारी सिंह ने नगर परिषद के आयुक्त गुरुदीपसिंह, अधीशाषी अभियंता सुनील यादव, सहायक अभियन्ता पी.एस.गुर्जर को नोटिस थमाते हुए बताया कि प्रभारी अधिकारी होने के कारण आवश्यक व्यवस्थायें समय पर सुनिश्चित की जानी थी। बावजूद इसके नगर परिषद ब्यावर में लगाये गये मंहगाई राहत शिविर में गाईडलाईन के अनुरुप व्यवस्थाओं को पूर्ण अभाव था। उपखण्ड अधिकारी श्री सिंह ने बताया कि राज्य सरकार द्वारा शिविर स्थल पर किसी प्रकार अव्यवस्था नहीं होने के सख्त निर्देश जारी किये हुए हैं उसके बावजूद मौके पर आगन्तुकों की समुचित बैठक व्यवस्था, पेयजल, छाया, प्रर्याप्त संख्या में संसाधनों के अभाव के साथ-साथ नगर परिषद की जिम्मेदार टीम की भी प्रभावी उपस्थिति नहीं पाई गई। उपखण्ड अधिकारी मृदुलसिंह ने प्रमुख रुप से शिविर स्थल पर पर्याप्त टेण्ट की व्यवस्था का नहीं होना, हेल्प डैस्क स्थापित नहीं होना, शिविर में आने वाले लाभार्थियों हेतु टोकन प्रणाली का नहीं होना, शिविर में आने वाले लाभार्थियों के प्रति नग परिषद की जिम्मेदार टीम का उदासीन होना आदि है।श्रीसिंह ने उक्त नोटिस में स्पष्ट रुप से लिखा गया है कि वह अपना प्रत्युतर स्वयं उपस्थित होकर तत्काल प्रस्तुत करें अन्यथा अनुशासनात्मक कार्यवाही हेतु उच्चाधिकारियों को प्रस्तावित की जाने की चेतावनी दी है।

### नहीं लगे मुख्यमंत्री अशोक गहलोत के पोस्टर

कैम्प में लगने के लिए मुख्यमंत्री अशोक गहलोत के कुछ पोस्टर व फ्लैक्स आये थे उन पर राज्य सरकार की कई तरह की योजनाओं की जानकारी दे रखी थी। लेकिन कर्मचारियों ने समय पर ना लगा पाने के चक्कर में उन्हें पुनः एक वाहन में डालकर अन्यत्र स्थान पर भिजवा दिया।

## पंचाग

दिनांकः-28अप्रैल 2023 शुक्रवार
विक्रम संवत2080वैशाख शुक्ल पक्ष

| | | | |
|---|---|---|---|
| तिथि | अष्टमी | 16:00:48 | |
| पक्ष | शुक्ल | | |
| नक्षत्र | पुष्य | 09:51:38 | |
| योग | शूल | 09:37:06 | |
| करण | बव | 16:00:48 | |
| करण | बालव | 29:12:19 | |
| चन्द्र राशि | कर्क | | |
| सूर्य राशि | मेष | | |
| दिशा शूल | पश्चिम | | |
| सूर्योदय(जयपुर) | | 05:52:40 | |
| सूर्यास्त | 18:56:28 | | |
| चंद्रोदय | 12:19:28 | | |
| चंद्रास्त | 26:15:26 | | |
| राहू काल | 10:47-12:25 | | |
| अभिजित | 11:59-12:51 | | |
| शुभ चोघडिया | | | |
| चर | 05:53-07:31 | | शुभ |
| लाभ | 07:31-09:09 | | शुभ |
| अमृत | 09:09-10:47 | | शुभ |
| शुभ | 12:25-14:03 | | शुभ |
| चर | 17:18-18:56 | | शुभ |



देवी बगलामुखी जयंतीः-आज

ज्योतिषाचार्य
भानुप्रकाश शास्त्री

# बीकानेर पूर्व विधानसभा मेरा परिवार, विकास कार्यो के लिए हर संभव प्रयास करूंगी: सिद्धि कुमारी

## विधायक सिद्धि कुमारी का तूफानी दौरा, स्वागत से सिद्धी हुई अभिभूत

सितारा न्यूज नेटवर्क





**उमेश कुमार मोदी/बीकानेर।** बीकानेर पूर्व विधानसभा विधायक सिद्धि कुमारी ने आज इंद्रा कॉलोनी के विभिन्न क्षेत्रो में विकास कार्यों का अवलोकन किया। क्षेत्र के विकास कार्यों और साफ सफाई को देख प्रसन्नता व्यक्त की और जगह जगह हुए स्वागत और अभिनंदन से अभिभूत हुई। भाजपा जिला उपाध्यक्ष डॉ भगवान सिंह मेड़तिया ने बताया कि आज विधायक सिद्धि कुमारी ने इंद्रा कॉलोनी पहुंचकर विधायक निधि से पार्षद कमल कंवर के द्वारा करवाए विकास कार्यों का अवलोकन किया। जिसमे निमार्णाधीन प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र, मुख्य सड़कें, नालिया और पार्को में चल रहे कार्यों का अवलोकन कर प्रशंसा की। इस अवसर पर क्षेत्र के निवासियों से विकास कार्यों की जानकारी लेते हुए जनसमस्याओं को जाना और वार्डवासियों को आगामी दिनों में विधायक निधि कोष से हर संभव कार्य करवाने का भरोसा दिलाया। सिद्धि कुमारी को अपने बीच देख माताओं, बुजुर्गो ने आशीर्वाद दिया और महिलाओं में सेल्फी लेने का क्रेज दिखाई दिया।इस अवसर पर हिम्मत सिंह गौड़, उम्मेदसिंह भाटी, श्रवण सिंह तंवर, रणवीरसिंह सांखला, सरवन सिंह खारा एड.रमेश पारीक, विक्रम सिंह बीका, राजू सिंह खारा, ओम जी पवार,रतन सिंह राठौड़, संदीप चोपड़ा, भूपेंद्र गेरा , रणजीत सिंह बेलासर प्रताप सिंह चलकोई, रणधीर सिंह बिका,मोहसिन, जाकिर सलीम सम्मा,एडवोकेट मेहंदी हसन, महावीर सिंह पुंदलसर, आनंद सिंह कक्कू,चैन सिंह,अख्तर अली, बुधराम बिश्नोई, जगदीश चारण, मास्टर महफूज, शायरसिंह हाडला,गोविन्द सिंह राठौड़, महेंद्रसिंह राजवी, प्रेमसिंह किसनपुरा, कुंभाराम मेघवाल सहित सैकड़ों कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# स्वामी समानन्दगिरिजी ने की 3500 कि.मी. माँ नर्मदा पैदल परिक्रमा

## अभिनन्दन समारोह एवं संवित विमर्श सत्र 29 अप्रैल को



गरीबों का सितारा

**उमेश कुमार मोदी/बीकानेर।** ब्रह्मलीन पूज्य स्वामी संवित सोमगिरिजी महाराज के शिष्य आध्यात्मिक प्रेरक एवं श्रीसप्तमातृका नार्मदीय वेद सेवा मठ, महेश्वर (म.प्र.) के महन्त स्वामी समानन्दगिरिजी महाराज ने 3500 कि.मी. की ह्यमाँ नर्मदा पैदल परिक्रमाह्ल 140 दिनों में निर्विघ्न सम्पन्न कर बीकानेर आगमन पर शहर की विभिन्न सामाजिक संस्थाओं एवं गणमान्यजनों द्वारा नागरिक अभिनन्दन किया जायेगा। श्रीमती शशिबाला मित्तल स्मृति चेरिटेबल ट्रस्ट के संस्थापक ट्रस्टी विवेक मित्तल ने आयोजन की जानकारी देते हुए बताया कि दिनांक 29 अप्रैल को सायं 5 बजे से शिव मन्दिर भवन, सेक्टर 4, जयनारायण व्यास नगर में स्वामी समानन्दगिरिजी का नागरिक अभिनन्दन किया जायेगा तद्उपरान्त संवित विमर्श सत्र में समर्पण और सफलता पर उद्बोधन, ह्यमाँ नर्मदा पैदल परिक्रमाह्ल यात्रा के अनुभव तथा शंका समाधान सत्र आयोजित किया जायेगा। इस अवसर पर परिक्रमा के दौरान विभिन्न पड़ावों के चित्रों तथा पूज्य स्वामी संवित सोमगिरिजी महाराज के गीता के प्रेरक विचारों के बैनर्स की प्रदर्शनी आमजन के अवलोकनार्थ लगाई जायेगी। शिव मन्दिर प्रन्यास ट्रस्ट के सचिव नलिन सारवाल ने बताया कि अभिनन्दन समारोह एवं संवित विमर्श सत्र में साधक, शिक्षक, विद्यार्थी, खिलाड़ी और गणमान्यजन उपस्थित रहेंगे।

# जेद्दा से फ़्लाइट मुंबई पहुँची राजस्थान के 9 प्रवासी सकुशल लौटे अपने देश



सितारा न्यूज नेटवर्क

**जयपुर।** सूडान में उत्पन्न आंतरिक संकट के बीच शुक्रवार दोपहर 3 बजे जेद्दा से भारतीयों को लेकर फ़्लाइट क्क्र्ख् 9723 मुंबई पहुँची। मुख्यमंत्री श्री अशोक गहलोत द्वारा इन प्रवासी राजस्थानियों के लिए मुंबई एयरपोर्ट पर समुचित व्यवस्था करने के निर्देश दिए गए थे ताकि इस विभीषिका को झेलकर आए राजस्थान के प्रवासियों को सुरक्षित अपने घर भेजा जा सके। इस फ़्लाइट में राजस्थान के 9 प्रवासी शामिल थे। इनमें बीकानेर, झुंझुनू, सीकर , चूरू, जयपुर , उदयपुर व टोंक के प्रवासी राजस्थानी मुंबई पहुँचे । राज्य की एडिशनल चीफ सेक्रेटरी व चीफ रेजिडेंट कमिश्नर शुभ्रा सिंह के निर्देशन में राजस्थान भवन के उप महाप्रबंधक श्री मनोज तिवारी, राजस्थान भवन के असिस्टेंट मैनेजर सौरभ सिन्हा ने इन्हें रिसीव किया। सूडान से लौट रहे प्रवासियों की सारी व्यवस्थाएं देख रहे राजस्थान फाउंडेशन के आवासीय आयुक्त श्री धीरज श्रीवास्तव ने बताया कि राज्य सरकार अपने प्रवासी राजस्थानी नागरिकों को सुरक्षित भारत वापस लाने तथा उन्हें अपने गंतव्य स्थानों पर पहुँचाने के लिए प्रतिबद्ध है। 28 अप्रेल को प्रातः इन सभी राजस्थानी नागरिकों को गंतव्य स्थानों तक पहुंचाया जाएगा।

# मुख्यमंत्री का श्रीगंगानगर दौरा- आमजन को महंगाई से अधिकतम राहत देने का कार्य कर रही राज्य सरकार- मुख्यमंत्री

**जयपुर।** मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने कहा कि राज्य सरकार द्वारा आमजन को महंगाई से राहत देने के लिए लाई गई जनकल्याणकारी योजनाओं के संचालन के लिए संसाधनों की कोई कमी नहीं आने दी जाएगी। राज्य सरकार की योजनाओं में युवाओं, विद्यार्थियों, किसानों, मजदूरों एवं महिलाओं सहित हर वर्ग का ध्यान रखा गया है। उन्होंने कहा कि बढ़ती महंगाई की मार से जनता को बचाने के लिए राज्य सरकार द्वारा महंगाई राहत कैम्प लगाए जा रहे है। मुख्यमंत्री गुरूवार को श्रीगंगानगर के गणेशगढ़ में महंगाई राहत कैम्प में आए लाभार्थियों को सम्बोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि इन कैम्पस के माध्यम से आमजन को महंगाई से राहत मिलेगी और परिवार की बचत भी बढ़ेगी। महंगाई राहत कैंप का निरीक्षण करते हुए श्री गहलोत ने लाभार्थियों से संवाद किया एवं योजनाओं की जानकारी दी। श्री गहलोत ने कहा कि देश के संविधान निमार्ताओं ने मतदान का अधिकार देकर जनता को लोकतंत्र में सर्वोपरी बनाया है।

### महंगाई राहत कैम्पों से योजनाओं का लाभ-

मुख्यमंत्री ने कहा कि महंगाई राहत कैंपों के माध्यम से 1 करोड़ से अधिक लोगों को न्यूनतम 1000 रुपए प्रतिमाह सामाजिक सुरक्षा पेंशन एवं घरेलू उपभोक्ताओं को 100 यूनिट तक निःशुल्क बिजली देकर महंगाई से राहत दी जा रही है। साथ ही निरोगी राजस्थान के लिए मुख्यमंत्री चिरंजीवी स्वास्थ्य बीमा योजना में 25 लाख रुपए का निःशुल्क इलाज, 10 लाख रुपए का दुर्घटना बीमा, मुख्यमंत्री ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना अंतर्गत 25 दिन का अतिरिक्त रोजगार तथा कथौड़ी, सहरिया और विशेष योग्यजन को 100 दिवस का अतिरिक्त रोजगार एवं इंदिरा गांधी शहरी रोजगार गारंटी योजना में 125 दिन रोजगार मिलने से आमजन को संबल मिलेगा। मुख्यमंत्री निःशुल्क अन्नपूर्णा फूड पैकेट योजना के तहत राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा के दायरे में आने वाले लाभार्थियों को प्रतिमाह निःशुल्क अन्नपूर्णा फूड पैकेट मिलेंगे। उन्होंने कहा कि सभी पात्र व्यक्तियों के पंजीकरण तक महंगाई राहत कैम्पों का संचालन जारी रहेगा। गहलोत ने कहा कि राज्य सरकार की योजनाओं से राजस्थान स्वास्थ्य के क्षेत्र में अग्रणी राज्य बनकर उभरा है। मुख्यमंत्री चिरंजीवी स्वास्थ्य बीमा योजना से आमजन को महंगे उपचार की चिंता से मुक्ति मिली है। महंगी जांचें एवं दवाईयां आमजन को निःशुल्क उपलब्ध करवाई जा रही है।

# महंगाई राहत कैंप का चौथा दिन- दस योजनाओं का कार्ड दे रहा है खुशी की गारंटी

**जयपुर।** महंगाई राहत कैंपों के माध्यम से आमजन को संवेदनशील और पारदर्शी तरीके से 10 लोककल्याणकारी योजनाओं का लाभ देना सुनिश्चित किया जा रहा है। इससे आमजन की बचत सुनिश्चित, महंगाई से राहत और उनकी सुविधाओं में बढ़त हो रही है। प्रदेश के विभिन्न जिलों में गुरूवार को आयोजित कैम्प में आमजन ने बढ़-चढ़ कर हिस्सा लिया और पंजीकरण करवाकर पात्रतानुसार 10 योजनाओं के लाभ की गारंटी प्राप्त की। जयपुर में खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति मंत्री श्री प्रताप सिंह खाचरियावास ने गुरुवार को जिला कलक्ट्रेट परिसर में आयोजित स्थाई महंगाई राहत कैंप का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने कैंप में व्यवस्थाओं एवं आमजन के लिए मुहैया करवाई गई सुविधाओं पर संतोष जाहिर किया। जिला कलक्टर श्री प्रकाश राजपुरोहित ने बताया कि गुरुवार को जिले में आयोजित महंगाई राहत कैंप में लाभार्थियों को 2 लाख 6 हजार 948 गारंटी कार्ड जारी किये गए हैं। विगत चार दिनों में जयपुर जिले में कुल 6 लाख 10 हजार 667 गारंटी कार्ड जारी किये जा चुके हैं। अलवर जिला कलक्टर डॉ. जितेन्द्र कुमार सोनी ने बताया कि जिले में आयोजित महंगाई राहत कैंप के चौथे दिन 148 कैंपों का आयोजन किया गया। जिसमें 29 हजार 427 परिवारों को लाभांवित कर 1 लाख 26 हजार 872 मुख्यमंत्री गारंटी कार्ड वितरित किए गए। उन्होंने बताया कि मंहगाई राहत कैंपों के तहत जिले में अब तक 4 लाख 41 हजार 219 लाभार्थियों ने पंजीयकरण करवाया है। जिला कलक्टर डॉ. सोनी ने गुरुवार को अलवर शहर सहित जिले के विभिन्न स्थानों पर लगाए जा रहे करीब आधा दर्जन से अधिक महंगाई राहत कैम्पों का निरीक्षण किया। सीकर जिला कलेक्टर डॉ. अमित यादव ने बताया कि जिले में गुरुवार को आयोजित 67 ग्रामीण व 36 नगरीय कैंपों में 90 हजार 58 परिवार लाभान्वित हुए है। जिनमें ग्रामीण में 52 हजार 895 तथा नगरीय क्षेत्र में 37 हजार 163 परिवार शामिल हैं। उन्होंने बताया कि महंगाई राहत कैम्पों के अर्त्पगत ग्रामीण व नगरीय क्षेत्रों में कुल 3 लाख 96 हजार 876 गांरटी कार्ड वितरित किए गए। झुंझुनू जिला कलेक्टर श्री लक्ष्मण सिंह कुड़ी ने बताया कि जिले में चल रहे मंहगाई राहत कैम्प में 152 कैम्पों में 58 हजार 797 परिवार लाभान्वित हुए, जिनको 2 लाख 52 हजार 562 गारंटी कार्ड हुए जारी किए गए। दौसा जिला कलक्टर श्री कमर चौधरी ने बताया कि गुरूवार को जिले के शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्रों में संचालित महंगाई राहत कैम्पों में जनप्रतिनिधिगणों ने तथा अधिकारियों ने निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया तथा मुख्यमंत्री गारंटी कार्डो का वितरण कर लोगों को लाभान्वित किया गया। कोटा में जिला कलक्टर श्री ओ पी बुनकर ने गुरूवार को मंहगाई राहत कैम्पों का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। उन्होंने कुराड तथा कैथून में कैम्पों में पहुंचकर विभिन्न प्रक्रियाओं का निरीक्षण कर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

# महिलाएं जब संघर्ष करती हैं तो आसमान छू लेती हैं : सविता



गरीबों का सितारा

**जयपुर (विनोद धायल)।** जयपुर के मानसरोवर स्थित परिष्कार कॉलेज ऑफ ग्लोबल एक्सीलेंस और इवो महिला संगठन की ओर से महिला सशक्तिकरण विषय पर टॉक शॉ का आयोजन किया गया। इस टॉक शॉ में 'शिमर मिसेज राजस्थान' के विजेताओं और फाइनलिस्ट ने अपने अपने अनुभव कॉलेज गर्ल्स के साथ शेयर किए। अपने अनुभव साझा करते हुए विजेता प्रतिभागियों ने कहा कि अपना लक्ष्य अर्जित करने के लिए लगातार मेहनत करनी पड़ती है। बिना हौंसला खोये अगर निरंतर प्रयास करते रहें तो सफलता आपके कदम चूमेगी। आज के युग में हम सबको समान अवसर मिले हुए हैं। लड़का लड़की में भेद करके हमें कोई पीछे नहीं धकेल सकता। मेहनत करने वालों के लिए पूरा आसमान खुला है। आज की गर्ल्स को अपना लक्ष्य स्वयं तय करना चाहिए और उस लक्ष्य को पाने के लिए ईमानदारी से प्रयास करते रहना चाहिए। कॉलेज प्राचार्य प्रो. सविता पाईवाल ने कहा कि महिलाएं जब संघर्ष करती है तो आसमान छू लेती हैं। रूढ़िवादी परम्पराओं को त्याग कर आधुनिक समाज में जीने के लिए हमें अपने आप को सक्षम बनाना होगा। महिलाएं आज हर क्षेत्र में अपना परचम लहरा रही है। अपने संबोधन के दौरान ईवो (ईडब्ल्यूओ) की अध्यक्षा अलका अग्रवाल ने छात्राओं को अपने व्यक्तित्व को बुलंद करने का आह्वान किया। परिष्कार कॉलेज के निदेशक डॉ. राघव प्रकाश ने सभी प्रतिभागियों और विजेताओं को स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया।

गरीबों का सितारा में प्रकाशित खबर, लेख व विचार लेखकों एवं संवाददाताओं के अपने हैं इसमें संपादकीय सहमति अनिवार्य नहीं है। सभी प्रकार के विवादों का न्यायिक क्षेत्र जयपुर होगा।

## सितारा न्यूज ब्रीफ

### अभिषेक मीणा बने आदिवासी कांग्रेस के जिला अध्यक्ष

सितारा न्यूज नेटवर्क



**बस्सी (रामफूल मीणा)।** अखिल भारतीय आदिवासी कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष सिंधी राव के निदेर्शानुसार राजस्थान प्रदेश आदिवासी कांग्रेश अध्यक्ष शंकर लाल मीणा द्वारा कार्यकारिणी का विस्तार किया गया। जिसमें अभिषेक मीणा को राजस्थान प्रदेश आदिवासी कांग्रेस में जयपुर देहात उत्तर वह पूर्व के जिलाध्यक्ष पद पर नियुक्त किया गया। मीणा वर्ष 2013-14 में लॉ कॉलेज राजस्थान विश्वविद्यालय के छात्र संघ अध्यक्ष भी रह चुके हैं और साथ ही साथ वही 2015 एनएसयूआई राजस्थान विश्वविद्यालय में महासचिव के प्रत्याशी भी रहे और मीणा वर्तमान में राजस्थान उच्च न्यायालय में अधिवक्ता है नियुक्ति के बाद अभिषेक मीणा को बधाई देने वालों का तांता लगा हुआ है और स्थानीय लोगों ने माला और साफा बंधवाकर मीणा भव्य स्वागत किया गया और इस दौरान कई गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

### श्री गांधी विधालय में 18 लाख से बनने वाले भवन की रखी आधारशिला



सितारा न्यूज नेटवर्क

**गुलाबपुरा/ रामकिशन वैष्णव।** स्थानीय श्री गांधी उच्च माध्यमिक विद्यालय में 18 लाख रुपये की लागत से बनने वाले भवन की विधिवत पूजन के बाद आधारशिला रखी। गुरुवार को 18 लाख रुपए से बनने वाले भवन की आधारशिला गांधी शिक्षण समिति के प्रबंधक महावीर लड्ढा, रामदेव खारोल, संस्था प्रधान सत्यनारायण अग्रवाल, लाल साहब सिंह, जितेंद्र आंचलिया ,देव पाल शर्मा एवं ठेकेदार हगामी लाल कलाल द्वारा पूजा अर्चना के रखी गई! उक्त भवन निर्माण कार्य में 11 लाख रुपए भामाशाह श्री चांदमल नरवाल सोलर इंडस्ट्रीज बेंगलुरु के सौजन्य से प्राप्त हुई एवं 7 लाख की राशि गांधी शिक्षण समिति द्वारा विद्यालय को उपलब्ध कराई जाएगी। इस दौरान विधालय स्टाफ के सदस्य मौजूद थे।

### श्री वैष्णव बैरागी समाज सेवा संस्थान के अध्यक्ष बने अनिल वैष्णव



सितारा न्यूज नेटवर्क

**गुलाबपुरा/ रामकिशन वैष्णव।** श्री वैष्णव बैरागी समाज सेवा संस्थान गुलाबपुरा की आवश्यक बैठक बुधवार को श्री देवनारायण छात्रावास में वरिष्ठ सदस्य बालूराम वैष्णव की अध्यक्षता में आयोजित की गई ।बैठक में सर्वसम्मति से कार्यकारिणी का गठन किया गया जिसमें अध्यक्ष अनिल कुमार वैष्णव घणा वाले व उपाध्यक्ष बालकिशन वैष्णव एवं सचिव रोहित वैष्णव, कोषाध्यक्ष राधेश्याम वैष्णव को बनाया गया तथा सात कार्यकारिणी सदस्य बनाये गए, जिनका कार्यकाल 3 वर्ष का होगा ! शीघ्र ही संस्थान का पंजीयन उप पंजीयक सहकारी समिति भीलवाड़ा के कार्यालय में कराने का निश्चय किया गया। इस दौरान राधेश्याम वैष्णव, रघुवीर वैष्णव , जगदीश प्रसाद वैष्णव , शिवराज वैष्णव , दिनेश कुमार वैष्णव, शिवप्रसाद वैष्णव , शोभा लाल वैष्णव , गोपाल लाल वैष्णव, अनिल कुमार वैष्णव, एडवोकेट गोपाल लाल वैष्णव सहित मौजूद थे। सभी ने समाज सेवा एवं विकास का संकल्प लिया।

### अखिल भारतीय सफाई मजदूर संघ ने शाखा अध्यक्ष राहुल अटवाल के नेतृत्व में सौंपा ज्ञापन



सितारा न्यूज नेटवर्क

**आसींद/ सांवर मल शर्मा ।** सफाई कर्मचारी यूनियन के कर्मचारियों ने अपनी विभिन्न मांगों को लेकर गुरुवार प्रात नगरपालिका कार्यालय में एकत्रित होकर शाखा अध्यक्ष राहुल अटवाल के नेतृत्व में मुख्यमंत्री के नाम उपखंड कार्यालय पर ज्ञापन दिया गया। ज्ञापन में बताया कि सफाई कर्मचारियों की नवीन भर्ती2023 परंपरागत सफाई का कार्य करने वाले वाल्मीकि समाज के अभ्यार्थियों की प्राथमिकता देने वह सफाई कर्मचारियों भर्ती 2013 की स्वायत शासन विभाग जारी विज्ञप्ति को संशोधित करवाया जाए वाल्मीकि समाज के कई गरीब परिवार जन अनपढ़ है उन्हें ऑनलाइन प्रक्रिया का ज्ञान एवं अनुभव नहीं है दिहाड़ी मजदूरी करने वाले कहीं परिवार ?400 की फीस जमा कराने में असमर्थ है भर्ती प्रक्रिया को ऑफलाइन ही रखा जाए वाल्मीकि समाज की परि त्याग विधवा महिलाओं सफाई कार्य करने वाले संविदा ठेका कर्मियों दिव्यांगों विकलांगों बीपीएल कार्ड वाले परिवार जनों को प्राथमिकता दी जाए अनुभव प्रमाण पत्र की अनिवार्यता समाप्त की जाए सहित विभिन्न मांगों को लेकर अवगत कराया गया अगर मांगे नहीं मानी गई तो सफाई कर्मचारी आंदोलन की दी चेतावनी कस्बे में नगर पालिका के सफाई कर्मियों की हड़ताल होने के कारण कस्बे की सफाई व्यवस्था चरमरा गई गई बाजार में व्यापारियों ने खुद झाड़ू अपने हाथ में थाम कर अपने अपने दुकान के बाहर साफ सफाई की गई वही चारों ओर कचरे का ढेर लग गया।

**संघ ने विभिन्न मांगो को लेकर उपखंड कार्यालय में मुख्यमंत्री के नाम दिया ज्ञापन**

# केंद्रीय जल शक्ति मंत्री शेखावत का पडांगा में हुआ भव्य अभिनंदन

**समाजसेवी एवं भामाशाह कावड़िया ने 51 किलो के फूलों के हार से शेखावत का किया स्वागत अभिनंदन**







सितारा न्यूज नेटवर्क

**ब्यावर( अनिल सिखवाल)।** माननीय केंद्रीय जल शक्ति मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत का पडांगा में राष्ट्रीय राजमार्ग पर मसूदा विधानसभा क्षेत्र के समाजसेवी एवं भाजपा नेता सुनील कुमार कावड़िया के नेतृत्व में जोरदार स्वागत एवं अभिनंदन किया गया। जानकारी के अनुसार गुरुवार को जल शक्ति मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत जयपुर से चित्तौड़ जाते समय पडांगा के राष्ट्रीय राजमार्ग पर कावड़िया ने माननीय मंत्री महोदय को पडांगा सहित पूरे क्षेत्र में उनके द्वारा कराए गए विकास कार्यों की पुस्तिका भेंट की साथ ही 51 किलो की माला एवं तलवार भेंट करके भारतीय संस्कृति के तहत साफा पहनाकर भव्य स्वागत एवं अभिनंदन किया पडांगा विकास के कार्यों की कहानी आमजन से सुनकर शेखावत ने कावड़िया की मुक्त कंठ से प्रशंसा की है।

## करीब 2 करोड़ की लागत से बनेगा केजीबी पिनान टाइप-थर्ड छात्रावास का नया भवन






### स्थानीय विधायक और रैणी प्रधान प्रतिनिधी के सानिध्य मे भूमि पूजन कर किया गया शिलान्यास

सितारा न्यूज नेटवर्क

**रैणी(अलवर)/महेश चन्द मीना।** अलवर के रैणी-उपखंड क्षेत्र के पिनान कस्बे मे कस्तूरबा गांधी बालिका छात्रावास पिनान टाइप थर्ड मे एक और नये छात्रावास का निर्माण होगा जिसका स्थानीय विधायक जौहरीलाल मीना व रैणी प्रधान प्रतिनिधी मांगेलाल मीना रिटायर्ड चीफ इंजीनियर के सानिध्य में गुरूवार को विधि विधान पूर्वक भूमि पूजन कर शिलान्यास किया गया। स्थानीय प्रधानाचार्य हरि सिंह मीना ने बताया कि इस नवीन निर्माण कार्य में करीब 2 करोड की लागत से नए भवन का निर्माण होगा।



## सिंगी पुस्तकालय का हुआ शुभारंभ



सितारा न्यूज नेटवर्क

**ब्यावर(अनिल सिखवाल)।** वर्द्धमान शिक्षण समिति द्वारा संचालित वर्द्धमान कन्या पी. जी. महाविद्यालय में गुरुवार को छात्राओ हेतु वातानुकूलित आधुनिक सुविधाओं से परिपूर्ण सिंगी पुस्तकालय का उदघाटन अथवा शुभारंभ वर्द्धमान शिक्षण समिति के अध्यक्ष शांतिलाल नाबरिया के कर कमलों द्वारा सम्पन्न हुआ मंत्री डॉ. नरेन्द्र पारख ने भामाशाह सिंगी परिवार ब्यावर जयपुर का शिक्षायज्ञ में आहुति देकर महाविद्यालय के भौतिक विकास में योगदान प्रदान करने हेतु आभार व्यक्त करते हुए बताया कि सिंगी पुस्तकालय से बहुतायत छात्राएं लाभान्वित होगी साथ ही पाठ्यक्रम के अलावा उन्हें बेहतर शिक्षण सामग्री सद साहित्य भी अध्ययन हेतु उपलब्ध हो सकेगा कार्यक्रम में सम्पतराज छल्लाणी, प्रकाशचंद गदिया, रमेशचंद मेड़तवाल, गौतमचंद गोखरू, दीपचंद कोठारी, चंदूलाल कोठारी, धनपतराज श्रीश्रीमाल, दुलराज मकाणा,रवीन्द्र लोढ़ा सभी संकाय सदस्य उपस्थित रहे ।कार्यक्रम के अंत में महाविद्यालय प्राचार्य डॉ. आर.सी.लोढ़ा ने सभी अतिथियो का धन्यवाद ज्ञापित किया ।





## आकाशीय बिजली गिरने से युवक की हुई दर्दनाक मौत

सितारा न्यूज नेटवर्क



**गंगापुर/ दिनेश लक्षकार।** स्थानीय थाना क्षेत्र के करणजी की खेडी के पास आकाशीय बिजली गिरने से एक युवक की मौत हो गई। पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम करा शव परिजनों को सुपुर्द किया। पुलिस सूत्रों के अनुसार रायपुर तहसील के खुटिया हाल कारोई निवासी दीपक पुत्र रोशन लाल माली उम्र 22 वर्ष गुरुवार को घर से बाईक पर सवार होकर खेत पर जाने के लिए निकला था। दोपहर करीब 3:30 बजे करणजी की खेडी के पास उस पर आकाशीय बिजली से झूलस गया। परिजन उसे गंगापुर चिकित्सालय लाये जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने मृतक के मामा रतन लाल माली की रिपोर्ट पर मृग में मामला दर्ज कर जांच शुरू की।

## रोटरी अंतर्राष्ट्रीय अध्यक्ष आर गॉर्डन आर मक्नॉली का स्वागत समारोह हुआ आयोजित

सितारा न्यूज नेटवर्क

**युवराज शर्मा/अलवर।** रोटरी अंतर्राष्ट्रीय अध्यक्ष (2023-24 )R GORDON R






mclnally व फर्स्ट लेडी ऑफ रोटरी इंटरनेशनल (2023-24) हेथर इन दिनों अपने भारत प्रवास पर है। इनके स्वागत के लिए संयुक्त रूप से रोटरी डिस्ट्रिक्ट 3053, रोटरी डिस्ट्रिक्ट 3055 , रोटरी डिस्ट्रिक्ट 3056 व रोटरी डिस्ट्रिक्ट 3060 के द्वारा सामूहिक रूप से अहमदाबाद में होटल ट्री हिल्टन में एक कार्यक्रम आयोजित किया गया , इस दौरान रोटरी क्लब ऑफ अलवर व रोटरी डिस्ट्रिक्ट 3053 की और से डिस्ट्रिक्ट गवर्नर इलेक्ट पवन खंडेलवाल के नेतृत्व में रोटरी क्लब ऑफ अलवर के अध्यक्ष जितेंद्र खुराना , आगामी अध्यक्ष राजेश सिंघल व पूर्व अध्यक्ष दिनेश जैन ने रोटरी इंटरनेशनल प्रेसिडेंट इलेक्ट गॉर्डन आर मक्नॉली का राजस्थानी साफा पहना कर स्वागत किया व उन्हें इंग्लिश भाषा में हमारे हिंदुस्तान का महान साहित्य गीता रोटरी इंटरनेशनल डायरेक्टर इलेक्ट टी एन सुब्रहमण्यम (राजू सुब्रहमण्यम) के सानिध्य में भेंट की।

# यात्रियों के मन भा रही है वंदेभारत एक्सप्रेस

## अजमेर- दिल्ली केंट वंदेभारत एक्सप्रेस में लगातार बढ़ रही यात्रियों की संख्या

सितारा न्यूज नेटवर्क

**ब्यावर (अनिल सिखवाल)।** यात्रियों की सुविधा, सुरक्षित व तेज संचालन हेतु हाल ही में प्रारंभ की गई अजमेर - दिल्ली केंट वंदे भारत एक्सप्रेस ट्रेन में यात्रियों की संख्या में लगातार वृद्धि हो रही है। गत 13 अप्रैल 2023 से नियमित सेवा शुरू होने के पश्चात से अब तक एग्जीक्यूटिव क्लास और चेयर कार दोनों ही श्रेणी में यात्रियों की संख्या लगातार बढ़ी है । वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक विवेक रावत के अनुसार अजमेर-दिल्ली केंट वंदे भारत एक्सप्रेस में जहां एग्जीक्यूटिव कार में 13 अप्रैल 2023 को कुल 159 सीटों में से 59 सीट यात्रियों को आवंटित हुई थी वही 24 अप्रैल 2023 को यह बढ़कर 94 हो गई है। इसी प्रकार चेयर कार श्रेणी में जहां 13 अप्रैल 2023 को कुल 1593 में से 510 सीट आवंटित हुई थी वही 24 अप्रैल 2023 को यह संख्या बढ़कर 1038 हो गई है। इस प्रकार कुल सीटों की बात करें तो दिनांक 13 अप्रैल 2023 को कुल 1762 सीटों में से 559 सीटें आवंटित हुई थी जबकि दिनांक 24 अप्रैल 2023 को यह बढ़कर 1132 हो गई है। बुधवार को छोड़कर सप्ताह में 6 दिन चलने वाली यह ट्रेन रेलवे आय




बढ़ाने के मामले में भी बेहतर प्रदर्शन कर रही है। जहां नियमित संचालन के प्रथम दिन 13 अप्रैल 2023 को कुल आय रुपये 4,88,753 प्राप्त हुई थी वही दिनांक 24 अप्रैल 2023 को यह आंकड़ा बढ़कर 10,12,617 रुपए हो गया है। बर्थ आवंटन प्रतिशत की बात करें तो जहां संचालन के प्रथम दिन 13 अप्रैल 2023 को बर्थ आवंटन 32.47 % था वही 24 अप्रैल 2023 को यह बढ़कर 64.66 % हो गया है। उल्लेखनीय है कि दिनांक 12 अप्रैल 2023 को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा इस ट्रेन का शुभारंभ किया गया था ।यह ट्रेन कई सुविधाओं से लैस है। तेज रफ्तार इसकी विशेषता है और यह पहली सेमी हाई स्पीड ह्यमेक इन इंडियाह्व ट्रेन है पहली स्वदेशी सुरक्षित कवच प्रणाली के अनुकूल है। अजमेर-दिल्ली कैंट वंदे भारत एक्सप्रेस हाई राइज ओवरहेड इलेक्ट्रिक (ओएचई) लाइन पर दुनिया की पहली सेमी हाई स्पीड पैसेंजर ट्रेन है। यह ट्रेन पुष्कर, अजमेर शरीफ दरगाह आदि सहित राजस्थान के प्रमुख पर्यटन स्थलों की कनेक्टिविटी मे भी सहायक सिद्ध हुई है। वंदे भारत सहित ट्रेनों की गति लगातार बढ़ाए जाने के कारण अनाधिकृत रूप से ट्रैक पार करना अब और भी अधिक खतरनाक हो गया है अतः आमजन से और पशुपालकों से अपील है कि वे स्वयं ट्रैक से दूर रहें और अपने मवेशियों को भी ट्रैक के पास में न आने दें। रेलवे ट्रैक सदैव फुटओवर ब्रिज या खुले रेल फाटक से ही पार करें।

गरीबों का सितारा में प्रकाशित खबर, लेख व विचार लेखकों एवं संवाददाताओं के अपने हैं इसमें संपादकीय सहमति अनिवार्य नहीं है। सभी प्रकार के विवादों का न्यायिक क्षेत्र जयपुर होगा।

## चिंतन

# छत्तीसगढ़ रक्तरंजित करने वालों को कुचलना जरूरी

नक्सली एक बार फिर चुनावी वर्ष में छत्तीसगढ़ रक्तरंजित करने में कामयाब हो रहे हैं। बुधवार को नक्सलियों ने दंतेवाड़ा में सुरक्षाबलों के वाहन को निशाना बनाकर धमाका किया, जिसमें 11 जवान शहीद हो गए। इसी वर्ष फरवरी माह में नक्सलियों ने सिलसिलेवार तरीके से तीन भाजपा नेताओं की हत्या कर दी थी। पांच फरवरी को बीजापुर बीजेपी मंडल अध्यक्ष नीलकंठ कक्केम, 10 फरवरी को नारायणपुर बीजेपी उपाध्यक्ष सागर साहू और 11 फरवरी को इंद्रावती नदी के पार दंतेवाड़ा-नारायणपुर जिले की सरहद पर बीजेपी नेता रामधर अलामी की हत्या की गई। यह पहली बार नहीं है, जब नक्सलियों ने राजनीतिक दल के नेताओं पर हमले किए हो। 25 मई 2013 को चुनाव के कुछ माह पहले कांग्रेस की परिवर्तन यात्रा पर झीरम घाटी में हुए हमले में कांग्रेस की पूरी पीढ़ी ही लगभग खत्म हो गई थी। नंदकुमार पटेल, उदय मुदलियार, विद्याचरण शुक्ल, महेंद्र कर्मा सहित 31 लोग इस हमले में मारे गए थे। हालांकि बीते सात सालों के दौरान नक्सली हमलों में खासी कमी आई है। सरकार ने 2023 तक देश को नक्सलमुक्त करने का लक्ष्य रखा था, लेकिन जिस तरह से नक्सली रह-रहकर हमलों को अंजाम दे रहे हैं। उससे तो नहीं लगता कि सरकार अपने लक्ष्य को प्राप्त कर पाएगी। यह सही है कि सरकार नक्सलियों पर लगाम कसने में कुछ हद तक कामयाब रही है। जो नक्सलवाद देश के 11 राज्यों छत्तीसगढ़, महाराष्ट्र, मध्य प्रदेश, आंध्र प्रदेश, बिहार, झारखंड, ओडिशा, तेलंगाना, उत्तर प्रदेश और पश्चिम बंगाल के 90 जिलों के 'रेड कॉरिडोर' फैला हुआ है। अब वो सिमटकर महज 12 से 13 जिलों तक रह गया है, लेकिन नक्सली जिस तरह से हमलों को अंजाम दे रहे हैं। उससे तो यही लगता है कि वे एक बार फिर अपनी ताकत का अहसास करवाना चहाते हैं। ऐसे समय में हमले का एक कारण यह भी है कि मार्च से लेकर मई तक गर्मियों के मौसम में जंगल में दृश्यता बढ़ जाती है और नक्सली टीसीओसी चलाकर बड़े हमले करते हैं। कारण चाहे जो भी हो। ये हमले दंतेवाड़ा जैसी घटनाएं नक्सलियों के पूर्णतः खात्मे पर प्रश्न जरूर खड़ा करती है। ऐसा इसलिए होता है कि हम भारतवासी हमलों को भी सहजता से लेते हैं। उसके पीछे का अच्छा-बुरा सोचते रहते हैं। दुनिया में एक ओर रूस और चीन जैसे देश हैं, जो अपनी-अपनी राष्ट्रीय संप्रभुता, सुरक्षा बलों के लिए किसी भी सीमा तक जाने तथा कोई भी निर्णय लेने से नहीं हिचकते और हम हैं कि शांति व अहिंसाकारी समझौता करने के लिये शांतिदूत-अहिंसक बनने का संकल्प करते रहते हैं। इसी लिप्सा ने भारत की राष्ट्रीयता, अस्मिता, संप्रभुता और शक्ति प्रदर्शन की भावना को कमजोर किया है। संभवतः यही सबसे बड़ा कारण भी है, जिसने सीमा के अंदर और बाहर से चलाए जाने वाले आतंक को स्थायी रूप में नहीं कुचल पाए। अनेक बार ऐसे मौके आए जब हमारे सुरक्षा बल अपनी जान गंवाने और बुरी तरह घायल होकर दिव्यांग बनने को विवश हुए। देश का धन, संसाधन और संपत्तियां-परिसंपत्तियां बर्बाद हुई, लेकिन हम कोई बड़ा फैसला नहीं कर पाए। केंद्र में भाजपा सरकार बनने के बाद सीमा पार को लेकर इस परिपाटी में बदलाव तो हुआ, लेकिन घरेलू सुरक्षा पर अभी भी कहुत सारे कड़े फैसले लेने की जरूरत है। जो सुरक्षा बल देशवासियों को सुरक्षित रखने में जुटे हैं, उनको सुरक्षित रखने के अधिक से अधिक उपाए किये जाने की अति आवश्यकता है। सुरक्षा बलों की सुरक्षा सर्वोपरि होनी चाहिए। ऐसा होगा तो ही राष्ट्रबोध एक-एक भारतीय नागरिक के मन-मस्तिष्क में सुस्थापित हो पाएगा और हम न केवल आंतरिक बल्कि बाहरी दुश्मनों का फन कुचलने में भी कामयाब हो पाएंगे।



स्मृति शेष
आर.के. सिन्हा

# क्यों चुभते थे तारिक फतेह

पाकिस्तान के मशहूर लेखक तारिक फतेह का हाल ही में निधन हो गया। उनके चाहने वाले एक बेखौफ लेखक के रूप में याद रखेंगे। वे सच का साथ देते रहे। वे भारत के परम मित्र थे। उन्हें इस बात का गर्व रहा कि उनके पूर्वज हिंदू राजपूत थे। वे बार-बार कहते-लिखते थे कि भारत, पाकिस्तान और बांग्लादेश के तमाम मुसलमानों के पुरखे हिंदू ही थे और उन्हें जबरदस्ती मुसलमान बनाया गया था। उनकी इस तरह की साफगोई कठमुल्लों को नागवार गुजरती थी। तारिक फतेह हिंदी पट्टी के मुसलमानों के दिल में चुभते हैं। उनकी तारीफ यह थी कि वह डंके की चोट पर अपने पूर्वजों को हिंदू बताते रहे।

तारिक फतेह को उनके चाहने वाले एक बेखौफ लेखक के रूप में याद रखेंगे। वे सच का साथ देते रहे। वे भारत के परम मित्र थे। उन्हें इस बात का गर्व रहा कि उनके पूर्वज हिंदू राजपूत थे। वे बार-बार कहते-लिखते थे कि भारत, पाकिस्तान और बांग्लादेश के तमाम मुसलमानों के पुरखे हिंदू ही थे और उन्हें जबरदस्ती मुसलमान बनाया गया था। उनकी इस तरह की साफगोई कट्टरपंथियों को नागवार गुजरती थी। तारिक फतेह हिंदी पट्टी के मुसलमानों के दिल में चुभते हैं। उनकी तारीफ यह थी कि वह डंके की चोट पर अपने पूर्वजों को हिंदू बताते रहे। बहुत कम मुसलमान यह हिम्मत दिखा पाते हैं। वह मुस्लिम सांप्रदायिकता पर लगातार चोट करते रहे।

तारिक फतेह पहली बार 2013 में भारत दौरे पर आए थे तब उन्होंने एक इंटरव्यू में कहा था, 'पाकिस्तान को तो अब भूल जाइए। इसको एक न एक दिन कई टुकड़ों में टूटना ही है। वो दिन भी दूर नहीं जब बलूचिस्तान और सिंध उससे अलग हो जाएगा। पाकिस्तानी सेना एक औद्योगिक माफिया है, जिसका अपने देश के अनाज, ट्रकों, मिसाइलों से लेकर बैंकों तक पर नियंत्रण हैं।' यह सुनकर पाकिस्तान के हुक्मरान तिलमिला गए थे। वे मानते थे कि, 'भारत ही एकमात्र ऐसा देश है जहां मुसलमान बिना डरे स्वतंत्रतापूर्वक काम करते हैं।' तारिक फतेह से जितने लोग मुहब्बत करने वाले हैं उससे बहुत ही कम नफरत करने वाले हैं। वे कभी इस्लाम की आलोचना नहीं करते थे, बल्कि इस्लाम के नाम पर झूठे गौरव और पाखंड की बखिया उधेड़ देते थे। अच्छा से अच्छा मौलवी उनके छोटे से चुभते हुए तर्क से तिलमिला कर रह जाता था। एक बार एक मौलवी साहब औरंगज़ेब की बहुत तारीफ़ें कर रहे थे और उसे सच्चा और अनुकरणीय मुसलमान साबित कर रहे थे। तारिक फ़तेह ने उससे सिर्फ़ एक सवाल किया कि अगर औरंगज़ेब एक सच्चा मुसलमान था तो क्या उसने हज की थी? मौलवी साहब बग़लें झांकते नज़र आने लगे और उनकी सारी पिछली तारीफों पर फतेह साहब के एक सवाल ने पानी फेर दिया। किसी मुसलमान पर हज उतना ही बड़ा फर्ज़ है जितने कि नमाज़, रोज़ा और ज़कात। इनमें से कोई एक दूसरे की भरपाई नहीं कर सकता। चारों ही अलग अलग फर्ज हैं। कोई भी मुस्लिम जब बालिग़ हो जाए और हज करने के लायक़ स्वास्थ्य और आमदनी हो तो हज तुरन्त फर्ज हो जाती है। अल्लाह ने औरंगज़ेब को 96 साल की लम्बी उम्र दी, बचपन से बुढ़ापे तक तंदुरुस्त रखा। पहले शाहज़ादा फिर बादशाह बनाया। हज में दुनियावी मसायल की वजह से कोई माफ़ी नहीं है। अगर सामर्थ्यवान होते हुए भी 96 साल की उम्र तक औरंगज़ेब हज नहीं करता तो या तो उसका हज के फर्ज होने पर ईमान नहीं है या उसे ईश्वर पर भरोसा नहीं है कि वह हज करने गया तो वापस उसकी गद्दी उसे मिलेगी या नहीं। उसका पंजवक्ता नमाज़ी होना और टोपियां सिल कर रोज़ी कमाना सब बेकार गया। हज को महत्व न देना और उसको टालना दोनों ही "गुनाहे कबीरा" यानी घोर पाप हैं। देश में



सीएए-एनआरसी के मुद्दे पर हुए दंगों के बाद तारिक फतेह ने कहा था, 'हर वह व्यक्ति हिंदू है, जो हिंदुस्तान के इतिहास और परंपरा की मिल्कियत रखता है।'

मुस्लिम समुदाय में तारिक फतेह जैसा बोल्ड और जीनियस लेखक या विचारक मिलना मुश्किल है। इस्लाम की कट्टरता के विरुद्ध बिगुल फूंकने वाला, पाकिस्तान के आतंकवाद-प्रेम पर मुखर होकर निरंतर प्रहार करने वाला कोई दूसरा मुस्लिम लेखक या विचारक मिलना मुश्किल है। इस्लाम सहित तमाम मुद्दों पर मुखर रूप से बोलने वाले तारिक फतेह टीवी डिबेट में अक्सर खुद को हिंदुस्तानी बताते थे और हमेशा सिंध और हिंद का कनेक्शन जोड़ते थे। तारिक फतेह पाकिस्तान के विचार को खारिज करते थे। वे मानते थे कि देश का बंटवारा नहीं होना चाहिए था। दुर्भाग्य यह है कि उनकी मौत का कुछ कथित प्रगतिशील और कट्टरपंथी जश्न मना रहे हैं। अगर आपको यकीन न हो तो सोशल मीडिया पर चले जाइये। वहां पर आपको तारिक फतेह को लेकर तमाम तरह की ओछी टिप्पणियां पढ़ने को मिलेंगी। तारिक फतेह धार्मिक अतिवाद के खिलाफ बोलने और एक उदारवादी इस्लाम के पक्ष को बढ़ावा देने के लिए प्रसिद्ध थे। उन्होंने 'यहूदी मेरे दुश्मन नहीं हैं' नाम से एक पुस्तक भी लिखी। पाकिस्तान में बलूचों के आंदोलनों के समर्थक भी रहे। बलूचिस्तान में मानवाधिकारों के हनन और पाकिस्तान द्वारा बलूचों पर की जा रही ज़्यादतियों के विषय पर भी बोलते और लिखते रहे। तारिक फतेह मुस्लिम इतिहास के भी प्रकांड विद्वान थे, जिस कारण तर्को और तथ्यों में उन्हें पराजित करना किसी के लिए नामुमकिन था। तारिक फतेह कोरोना काल से पहले मेरे राजधानी के हुमायूं रोड के सरकारी आवास में भी कई बार पधारे। उनसे कई अहम मसलों पर चर्चा हुई। वे बहुत बुद्धिमान व्यक्ति थे। वे पाकिस्तान के शहर कराची में जन्मे थे और 1987 से कनाडा में रहने लगे। "तारिक फतेह आप" वाकई पंजाब के शेर और हिंदुस्तान के बेटे थे, जैसा कि आपकी बिटिया नताशा ने कहा है। तारिक फतेह ने एक बार मुझसे जानना चाहा कि क्या सच है कि भारत के संविधान की मूल प्रति पर "हड़प्पा और मोहन जोदड़ो" के चित्र हैं। मैंने कहा कि मेरे पास संविधान की मूल प्रति है आपको नन्द लाल बसु की "हड़प्पा और मोहन जोदड़ो" की पेंटिंग दिखाता हूं मैंने जब उन्हें संविधान की मूल प्रति पर "हड़प्पा और मोहन जोदड़ो" की पेंटिंग दिखाई तो वे भावुक हो उठे और उनकी आंखों से आंसू निकल पड़े। तारिक फतेह किसी टीवी के कार्यक्रम में सिंध का इतिहास, पंजाब का इतिहास, पाकिस्तान के वजूद और यूपी के मुसलमानों की बात अवश्य करते थे। वे बार-बार कहते थे कि पाकिस्तान के पंजाबियों पर उर्दू भारत से पाकिस्तान गए मुसलमानों ने थोपी। इस वजह से उनसे भारत और पाकिस्तान का एक तबका खफा रहता था। यह सच है कि पंजाबियों पर उर्दू थोपी गई। चूंकि वे एक बेखौफ साहसी लेखक थे और खुलकर अपनी राय का इजहार करते थे, इसलिए उनकी जान के दुश्मन भी कम नहीं थे। उन्हें जान से मारने की धमकियां मिलती रहती थीं। उन्हें 'सर तन से जुदा' जैसी धमकियां भी लगातार ही मिल रही थीं। कुछ समय पहले तारिक फतेह ने अपने ट्विटर अकाउंट पर एक 'ट्विटर स्पेस' का स्क्रीन शॉट शेयर करते हुए लिखा था कि एक सज्जन ने ग्रुप बनाया है जो मेरा सिर कलम (सर तन से जुदा) करने की योजना बना रहा है। तारिक फतेह के न रहने से आज दुनिया ने एक सच्चा लेखक खो दिया है। उनकी जब याद आएगी तो फैज अहमद फैज का यह शेर 'कर रहा था ग़म-ए-जहाँ का हिसाब आज तुम याद बे-हिसाब आए' याद कर ही उनके प्रशंसकों का सहारा बनेगा।

(लेखक राज्यसभा सांसद रह चुके हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

लेख पर अपनी प्रतिक्रिया **edit@haribhoomi.com** पर दे सकते हैं।

## दर्शन दिवस

इन्दिरा मिश्र



# श्री मां का सदा के लिये भारत आगमन

पांडिचेरी में श्री अरविन्द आश्रम की स्थापना सन 1926 में हुई थी। आज यह एक प्रसिद्ध आध्यात्मिक स्थल है। इसकी लगातार बनी हुई लोकप्रियता का क्या रहस्य है? वस्तुतः इसमें रहस्य कुछ भी नहीं है। एक तर्कशील व्यक्ति अपने संस्कारों के अनुरूप किसी भी पूजा-पाठ की विधि या कर्मकांड में त्रुटियां निकाल लेता है। यहां तक कि मूर्ति पूजा से जुड़े कर्मकांड को पूरी तरह नकारने वाले आर्य समाज के लोग भी अपनी ही यज्ञ, संध्या भजन करने की मान्यता का पूरा पालन नहीं कर पाते, जिससे कि उनकी अगली पीढ़ी को आर्य समाज की पूरी जानकारी तक नहीं हो पाती। अर्थात आदमी अपने परिवार को अपनी अपरिपक्व आयु में देखकर अनुभव करते हुए जिस परिपाटी में ढल जाता है, वही उसे सर्वोपरि लगती है परंतु अपनी बारी आने पर वह उस परिपाटी की भी अवहेलना करता चलता है जिसके कई कारण हो सकते हैं।

अतः श्री अरविन्द आश्रम में गुरु को नमस्कार, चरणवंदना, पूजा आराधना की कोई निश्चित परिपाटी नहीं रखी गई है। आप श्री मां व श्री अरविन्द की समाधि पर हाथ जोड़ें या आंख मूंदकर बैठें अथवा फूल या अगरबत्ती चढ़ायें इनमें से कोई भी जरूरी नहीं है, तो चेहरे पर सौम्य भाव, जागरूक चेतना और मौन। श्री अरविन्द ने जीवन को संपूर्ण योग माना है, जिसमें साधना हर काम में तल्लीनता रखते हुए प्रवीणता, प्रेम और शांति से उसे करना पर्याप्त है। श्री मां का जीवन स्वयं इसका जीता जागता उदाहरण रहा है। लोग उन्हें माहेश्वरी, लक्ष्मी, सरस्वती के रूप में पूजते हैं, परन्तु वे स्वयं कार्य ही पूजा है। इस सिद्धांत को लेकर हर छोटा बड़ा काम करती रही है। श्री मां का जन्म पेरिस में हुआ था। उनके पिता तुर्क थे, जबकि माता मिस्त्र के राज-परिवार से ताल्लुक रखती थीं। श्री मां ने पेरिस में चित्रकला की शिक्षा ली, संगीत का अभ्यास किया। उन्होंने मात्र 15 वर्ष की आयु में गीता का फ्रेंच अनुवाद पढ़ा था। वे श्रीकृष्ण के ऊपर श्रद्धा रखती थीं, आध्यात्म में थोड़ा और पैठने के लिए वे कुछ समय मध्य एशिया में 'तेओ' दंपत्ति के पास भी रुकीं। वे स्वयं यह अनुभव करती थीं कि उन्हें बहुत से लोगों के सुख के लिए कई काम करने हैं। उधर श्री अरविन्द ने भारत की ब्रिटिश सरकार से स्वतंत्रता के लिये अपने प्राणों की लगाकर लेख लिखे, सभाएं की। उन दिनों यहां युवाओं का मनोबल बहुत कमजोर था और अंग्रेजों की शक्ति प्रचंड थी। अंग्रेज सरकार ने एक अलीपुर बम कांड में श्री अरविन्द को एक वर्ष के लिए कलकत्ते की अलीपुर जेल में निरूद्ध किया। जेल में उन्हें जो अनुभव हुए उनसे उन्हें अंतःप्रेरणा यह हुई कि उन्हें अपना लक्ष्य भारत की स्वतंत्रता में बढ़ाकर रखता है। चूंकि युवाओं में वे जिस उत्साह व चेतना का संचार कर चुके थे वह पर्याप्त थी और उन्हें ऐसा था कि भारत स्वतंत्र होक रहेगा।



अतः 1910 में श्री अरविन्द पांडिचेरी चले गये। श्री मां ने उनके बारे में जो कुछ सुना था, उसके फलस्वरूप वे उनसे 1514 में अपने पांडिचेरी आगमन पर मिलीं। उन्हें श्री अरविंद पर अंगाध श्रद्धा हुई। परंतु इसके बाद उन्हें पेरिस लौटना पड़ा चूंकि प्रथम विश्व युद्ध छिड़ गया था। उसकी समाप्ति पर 24 अप्रैल 1920 को वे सदा के लिए भारत आ गईं। इसके साथ ही उन्होंने श्री अरविन्द के साहित्य का पारायण किया। उन्होंने पाया कि श्री अरविन्द में प्रकांड पांडित्य और अत्याधिक आध्यात्मिक चेतना है जिसे उनके लेखन में देखा बूझा जा सकता है, परंतु उनके लेखन को भली-भांति सबके सामने लाना परम आवश्यक है। साथ ही श्री अरविन्द और उनके सहयोगी शिष्यगण के जीवन, भोजन आदि में नियम व व्यवस्था लाना भी जरूरी है। इसलिये 1926 में श्री अरविन्द आश्रम की स्थापना की गई।

श्री मां श्री अरविन्द के विचारों के प्रचार-प्रसार कार्य में अनवरत रूप से लगी रहीं जिससे उनके युवाओं को जीवन जीने की नई राह मिली। श्री मां ने कभी यही नहीं सोचा कि श्री अरविन्द के विचारों को सामने लाने पर उन्हें स्वयं क्या मिलेगा। 1950 में श्री अरविन्द ने देह त्याग किया। तत्पश्चात सन् 1960 में श्री मां ने श्री अरविन्द सोसाइटी का गठन किया, ताकि पूरे विश्व के समक्ष उनके विचार लाये जा सकें। आज इस सोसाइटी की 75 शाखायें तथा लगभग 300 केन्द्र चल रहे हैं और जीवनयापन में अनेक नाजुक विषयों पर इन दोनों गुरुओं के सुलझे विचार लोगों का मार्गदर्शन कर रहे हैं। जो विषय अत्याधिक महत्वपूर्ण हैं वे है भय, प्रार्थना का महत्व , सदा युवा कैसे रहे? हिन्दू धर्म क्या है? धर्म और आध्यत्मिकता का क्या संबंध है?, सनातन धर्म के मूल तत्व क्या है।

# चिंताओं से मुक्त होकर जीवन का लें आनंद



संकलित
## दर्शन

क्या आपके साथ कभी ऐसा हुआ है कि आपने किसी चीज के लिए पूरे मन से मेहनत की हो, आपको लगा हो कि ऐसा होगा या वैसा होगा और फिर नतीजा आपकी सोच से बिलकुल अलग निकला हो? ऐसे में हम निराश हो जाते हैं। लगने लगता है कि जीवन कठिन है। कभी-कभी तो हम यहां तक सोचने लगते हैं कि मेहनत करने का क्या मतलब है? मेहनत करने के बाद भी हमें वह परिणाम नहीं मिलता है जो चाहिए। हम सबके मन में कभी न कभी ऐसे विचार आते हैं। भगवद्गीता में भगवान श्रीकृष्ण कहते हैं, हम जो कार्य करते हैं उसके परिणाम के पीछे बहुत सारी चीजें जुड़ी हुई हैं जो हमारे हाथ में नहीं हैं। जो चीज हमारे हाथ में ही नहीं है, उसके बारे में हम कैसे आशा कर लें कि जो हमें चाहिए वही होगा। मन में इस बात की गांठ बांध लेना कि जो परिणाम आप चाहते हैं उसी से आपको खुशी मिलेगी, अक्सर दुख और हताशा का कारण बन जाता है। मैं आपको उदाहरण देती हूं। 6 साल के एक बच्चे को एक दिन उसकी मां ने कहा कि जब वह शाम को स्कूल से आएगा तब उसे गुलाब जामुन देगी। अब बच्चा पूरा दिन खुश था। स्कूल में उसने कोई शैतीनी नहीं की, टीचर की हर बात मानी और पूरे दिन मन लगा कर पढ़ाई की। स्कूल छूटते ही भाग कर घर आया तो उसने देखा कि मां तो लड्डू लिए खड़ी है। अब बच्चा निराश हो गया। उसका मन तो गुलाब जामुन पर अटका हुआ था। वह रोया, रूठा और ऐसे ही सो गया। न उसे लड्डू मिला और न गुलाब जामुन।

# बुरे विचारों से बचने के उपाय



संकलित
## प्रेरणा

एक धनवान व्यक्ति था, बड़ा विलासी था। हर समय उसके मन में भोग विलास सुरा-सुंदरी के विचार ही छाए रहते थे। वह खुद भी इन विचारों से त्रस्त था, पर आदत से लाचार, वे विचार उसे छोड़ ही नहीं रहे थे। एक दिन अचानक किसी संत से उसका सम्पर्क हुआ। वह संत से उक्त अशुभ विचारों से मुक्ति दिलाने की प्रार्थना करने लगा। संत ने कहा अच्छा, अपना हाथ दिखाओं, हाथ देखकर संत भी चिंता में पड़ गए। संत बोले बुरे विचारों से मैं तुम्हारा पिंड तो छुड़ा देता, पर तुम्हारे पास समय बहुत ही कम है। आज से ठीक एक माह बाद तुम्हारी मृत्यु निश्चित है, इतने कम समय में तुम्हें कुत्सित विचारों से निजात कैसे दिला सकता हूं। और फिर तुम्हें भी तो तुम्हारी तैयारियां करनी होगी। वह व्यक्ति चिंता में डूब गया। अब क्या होगा, चलो समय रहते यह मालूम तो हुआ कि मेरे पास समय कम है। वह घर और व्यवसाय को व्यवस्थित व नियोजीत करने में लग गया। परलोक के लिए पुण्य अर्जन की योजनाएं बनाने लगा, कि कदाचित परलोक हो तो पुण्य कम लगेगा। वह सभी से अच्छा व्यवहार करने लगा। जब एक दिन शेष रहा तो उसने विचार किया, चलो एक बार संत के दर्शन कर लें। संत ने देखते ही कहा- बड़े शान्त नजर आ रहे हो, जबकि मात्र एक दिन शेष है'। अच्छा बताओ क्या इस अवधि में कोई सुरा-सुंदरी की योजना बनी क्या? व्यक्ति का उत्तर था- महाराज! जब मृत्यु समक्ष हो तो विलास कैसा? संत हंस दिये। और कहा- वत्स! अशुभ चिंतन से दूर रहने का मात्र एक ही उपाय है।

## अंतर्मन




## आज की पाती

### फीजियोथैरेपी का बढ़ता महत्त्व

हमारे देश में फीजियोथैरेपी का बहुत महत्त्व है। इसका प्रयोग बढ़ रहा है। वैसे शरीर की हड्डियों को दुरुस्त रखने और अन्य कुछेक बीमारियों से बचने के लिए फीजियोथैरेपी चिकित्सा पद्धति हमारे देश के लिए कोई नई पद्धति नहीं है। इसका प्रचलन हमारे देश में प्राचीन समय से है। यह लगभग 200 साल पुरानी है। इसे सबसे पहले 1813 में स्वीडन में जिम्नास्टिक से जुड़े विशेषज्ञों ने शुरू किया था और फिर इसे 1887 में उपचार की आधिकारिक पद्धति के रूप में मान्यता मिली थी। जब अमेरिका में 1916 में पोलियो फैला था तब वहां इसका प्रचलन बढ़ा था। हमारे देश में मालिश और कसरत से शरीर को तंदुरुस्त रखने की परंपरा हमारे गांवों और शहरों में अभी भी चल रही है। पूरे विश्व में इस पद्धति का महत्त्व दिनोंदिन बढ़ता जा रहा है।

*– मनसुख लाल देवांगन, कुम्हारी*

## करंट अफेयर

# चीन उपग्रहों पर हमले के तरीके खोज रहा : पेंटागन

पेंटागन के दस्तावेजों के हालिया लीक में यह बात कही गई है कि चीन सैन्य संचार उपग्रहों को बाधित करने के उद्देश्य से परिष्कृत साइबर हमले विकसित कर रहा है। हालांकि यह अपुष्ट है, पर ऐसा होना निश्चित रूप से संभव है, क्योंकि कई संप्रभु राष्ट्रों और निजी कंपनियों ने इस बात पर विचार किया है कि सिग्नल हस्तक्षेप से कैसे बचाव किया जाए। वित्तीय लेन-देन, नेविगेशन, मौसम की भविष्यवाणी और इंटरनेट सेवाओं से लेकर अधिक दूरस्थ स्थानों तक, हमारे जीवन का लगभग हर पहलू उपग्रह संचार से जुड़ा है। अगर इस बात पर गौर करें कि कक्षा में कितने उपग्रह हैं, जबकि प्रभाव कुछ पर ही महसूस किया जा सकता है, अगर एक या दो उपग्रह खो गए तो कोई बड़ी समस्या नहीं होगी। लेकिन जब हम उपग्रहों के सैन्य लाभों पर विचार करते हैं, तो पूर्व चेतावनी प्रणाली और ट्रैकिंग के लिए तत्काल संचार महत्वपूर्ण होता है। तो इन सेवाओं को बाधित करना कितना आसान होगा? चीनी अंतरिक्ष कार्यक्रम किसी भी अन्य देश की तुलना में तेज गति से आगे बढ़ रहा है। चीन का पहला सफल प्रक्षेपण 1970 में हुआ था।



## ऑफ बीट

# रईस जीवन विस्तार अनुसंधान में लाखों खर्च कर रहे

ओपनएआई के मुख्य कार्यकारी सैम अल्टमैन ने हाल ही में रेट्रो बायोसाइंसेस नामक एक कंपनी में 18 करोड़ अमरीकी डालर का निवेश किया है। यह कंपनी मानव जीवन को दस स्वस्थ वर्षों तक बढ़ाने की दिशा में काम कर रही है। इस उद्देश्य को प्राप्त करने का एक तरीका खून की कायाकल्प करना है। यह विचार उन अध्ययनों पर आधारित है जिनमें पाया गया कि युवा चूहों का खून देने पर बूढ़े चूहों में उम्र का पहिया उल्टा घूमने लगता है। अल्टमैन जीवन विस्तार प्रयासों का समर्थन करने वाले एकमात्र सिलिकॉन वैली उद्यमी नहीं हैं। पेपाल के सह-संस्थापक पीटर थिएल, अमेज़ॅन के संस्थापक जेफ बेजोस और गूगल के सह-संस्थापक लैरी पेज ने ऐसी परियोजनाओं में करोड़ों का निवेश किया है जो हमारे जीवन जीने के तरीके को गहराई से प्रभावित कर सकते हैं। इस संबंध में जो सवाल पैदा होते हैं, उनमें पहला वैज्ञानिक है : क्या ये प्रौद्योगिकियां काम कर सकती हैं? इस मोर्चे पर किसी निष्कर्ष पर अब नहीं पहुंचा जा सका है, और आशावाद और संदेहवाद दोनों के लिए आधार हैं।



## ट्रेंड

### युद्ध हल नहीं

सूडान में संघर्ष को युद्ध के मैदान में हल नहीं किया जाना चाहिए। सूडानी नेताओं को अपने लोगों के हितों को सबसे आगे और केंद्र में रखना चाहिए और बंदूकों को शांत करना चाहिए।

-एंटोनियो गुतरेस, यूएन महासचिव



### वादा पूरा किया

2019 में हमने अपनी सड़कों को सुरक्षित बनाने और समुदायों की सुरक्षा के लिए इंग्लैंड और वेल्स में 20,000 अतिरिक्त पुलिस अधिकारियों की भर्ती करने का वादा किया था। आज, मुझे यह कहते हुए खुशी हो रही है कि हमने वह वादा पूरा किया है।

-ऋषि सुनक, ब्रिटिश पीएम



### अलग बनाता है विवेक

मनुष्य की ऋतंभरा, प्रज्ञा, ब्रह्मऋता और विवेक विचार शक्ति ही उसे संसार के अन्य जीव जंतुओं से पृथक एवम विशेष बनाती है। अतः ज्ञान एवं बौद्धिकता मनुष्य की अमूर्त संपदा है। अपनी बौद्धिक सामर्थ्य द्वारा बाह्यांतर चुनौतियों से मुक्त, श्रेष्ठ सुंदर वातावरण की निर्मिति संभव है।


-अवधेशानंद, आध्यात्मिक गुरु




### तो रोशनी तलाश करो

जब अंधेरा दिखे तो रौशनी की तलाश करो। जब आप गिर गए हों, तो उठने के लिए देखें। जब आपको पीटा जाए, तो आगे बढ़ने के लिए देखें। जब आप निराश हों, तो आगे बढ़ने के लिए विश्वास को देखें।

-हर्ष गोयनका, उद्योगपति





सितारा न्यूज ब्रीफ

## बिलिया कलां राजकीय विद्यालय में भामाशाह सम्मान समारोह आयोजित



सितारा न्यूज नेटवर्क

**गुरला/ बद्री लाल माली** । राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय, बिलिया कला में गुरुवार को भामाशाह संगम इण्डिया लिमिटेड डेनिम द्वारा विद्यालय में कम्प्यूटर मय प्रिन्टर भेंट किया। इस अवसर पर भामाशाह पप्पू लाल सालवी ने गोदरेज अलमारी भेंट की।प्रधानाचार्य ने बताया कि भामाशाहों के सम्मान के लिए स्थानीय विद्यालय में भामाशाह सम्मान समारोह रखा गया। इस कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रधानाचार्य महावीर प्रसाद चौबे ने की व मुख्य अतिथि संगम इण्डिया ग्रुप से श्री संजय व्यास, विशिष्ट अतिथि पप्पू लाल सालवी, सरपंच घनश्याम बारेठ, उप सरपंच कालू लाल गाडरी, एसएमसी अध्यक्ष देव किशन गाडरी एवं ग्रामवासियों का स्वागत विद्यालय परिवार द्वारा किया गया। मंच संचालन उदय लाल बलाई तथा योगेन्द्र छीपा द्वारा किया गया।

## मानसिक दिव्यांग बेसहारा बच्चों की संस्था में दिया राशन का सामान

### नर सेवा नारायण सेवा : डॉ पंकज गुप्ता



सितारा न्यूज नेटवर्क

**रुपेश शर्मा** । आज मैनकाइंड फार्मा और ब्रजभूमि कल्याण परिषद के राष्ट्रीय संयोजक डॉ पंकज गुप्ता के सौजन्य से दिव्यांग बच्चों की संस्था के बेसहारा दिव्यांग हाइपरएक्टिव बच्चों को खाने पीने और राशन का सामान एवं शीतल पर प्रदान कर बच्चों के साथ समय बिताया उन्हें आत्मीयता का एहसास कराया इस मौके पर मुख्य अतिथि डॉ पंकज गुप्ता ने कहा कि इस तरह का कार्य के लिए संस्थाओं को आगे आना चाहिए और आमजन को इन संस्थाओं के साथ जोड़कर बेसहारा और दिव्यांग बच्चों के लिए काम करना चाहिए उन्हें आगे बढ़ाना चाहिए इस मौके पर डॉ पंकज गुप्ता के साथ मैनकाइंड फार्मा से मनोज और संजय उपस्थित रहे।



## पालिका सफाई कर्मचारियों ने की झाडू डाउन हड़ताल

### सफाई व्यवस्था चरमराई



सितारा न्यूज नेटवर्क

**गुलाबपुरा/ रामकिशन वैष्णव।** स्थानीय नगर पालिका सफाई कर्मचारियों ने वाल्मिकी समाज संघर्ष समिति, के तत्वावधान में सफाई कर्मचारी भर्ती प्रक्रिया को लेकर झाडू डाउन हड़ताल पर बैठे। नगरपालिका कार्यालय के बाहर सफाई कर्मचारियों ने सफाई काम को बंद कर हड़ताल पर बैठे , जिससे शहर में सफाई व्यवस्था चरमरा गयी, जगह जगह गंदगी व कचरा फैला हुआ है । हड़ताल पर बैठने वाले में संजय आर्य जमादार, मुकेश, राजेश, महावीर, रमेश टांक, मुकेश, निर्मल कुमार, राजकुमार इत्यादि सफाई कर्मचारी मौजूद रहे।

## व्यवसायिक शिक्षा की प्रायोगिक परीक्षा हुई संपन्न



सितारा न्यूज नेटवर्क

**ब्यावर( अनिल सिखवाल)।** शहर के नगर परिषद रोड स्थित रा.पटेल उच्च मा. वि. में गुरुवार को व्यवसायिक शिक्षा कक्षा 9 की प्रायोगिक परीक्षा ट्रेड इलेक्ट्रानिक एवम हार्डवेयर तथा सूचना प्रौद्योगिकी एवम सेवाएं विधिवत संपन्न हुई।जिसका निरीक्षण एडीपीसी कार्यालय अजमेर के प्रोग्राम ऑफिसर निहाल चंद द्वारा निरीक्षण किया गया। इस अवसर पर स्थानीय शाला संस्था प्रधान अब्दुल हनीफ खान व प्रभारी हेमन्त कुमावत, बाह्य परीक्षक अशोक सेन एवम गजराज सिंह व व्यवसायिक प्रशिक्षक रामनारायण सिंह रावत , राहुल ओझा ने परीक्षा को पारदर्शिता पूर्वक संपन्न करवाया।

# चुप्पी तोड़ो खुलकर बोलो कार्यशाला संपन्न

## किशोरावस्था में मानसिक स्वास्थ्य प्रबंधन आवश्यक: डॉ. सक्सेना

सितारा न्यूज नेटवर्क





**ब्यावर(अनिल सिखवाल)।** जिला प्रशासन के नवाचारी कार्यक्रम "चुप्पी तोड़ो खुलकर बोलो" के तीसरे चरण का प्रशिक्षण शिविर स्थानीय राजकीय छावनी विद्यालय में संपन्न हुआ।प्रधानाचार्य डॉ सीमा कृपलानी ने बताया कि इस अवसर पर जिला कार्यक्रम प्रभारी बी ड़ी बुनकर ने कहा की किशोरों के स्वास्थ्य, शिक्षा व कानूनी जागरूकता के लिए यह अभिनव पहल है। हमारी प्रथम प्राथमिकता यह रहती है कि शिक्षित, स्वस्थ, जागरूक नारी समाज में रहे।साथ ही शिक्षाविद डॉक्टर अर्जुन कृपलानी ने मानसिक स्वास्थ्य और किशोरावस्था में मानसिक रोग की पहचान पर चर्चा की एवम तनाव मुक्त वातावरण को प्राथमिकता देने पर जोर दिया।कार्यशाला में किशोरों में प्रजनन और यौन संबंध, भोजन एवं पोषण का परिचय, किशोरावस्था के दौरान पोषण, किशोरों की पोषण संबंधी चिंताएं, मानसिक स्वास्थ्य और किशोरावस्था, मादक पदार्थों का सेवन, लिंग एवं लैंगिक पहचान, लैंगिक समानता और रूढ़ियों के बारे में व्यक्तिगत मान्यताएं और दृष्टिकोण पर सुधारात्मक प्रयास पर चर्चा की गई इस अवसर पर आईपीएस सुमित मेहरडा ने अपने उद्बोधन में कहा कि हमें सकारात्मक सोच के साथ विद्यार्थियों के साथ कार्य करना चाहिए। एवं शिविर की उपयोगिता और उपादेयता को विद्यार्थियों तक पहुंचाना चाहिए। साथ ही महिला रोग वरिष्ठ विशेषज्ञ डॉक्टर विद्या सक्सेना ने शारीरिक स्वच्छता, महावारी, गैर संचारी रोगों पर विस्तार से सकारात्मक वार्ता दी। एवं प्रशिक्षणार्थियों की जिज्ञासाओं का समाधान किया। उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय परिवार स्वास्थ्य सर्वेक्षण -4 के अनुसार राजस्थान प्रदेश की 15-16 वर्षीय किशोरियों में गर्भधारण की दर 6% है जो की चिंता का विषय है।समापन समारोह में मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी संतोष सिंह चौहान ने सभी संभागीयों से कहा कि प्रशिक्षण में प्राप्त जानकारी विद्यार्थियों तक जरूर पहुंचाएं। शिविर में 58 निजी विद्यालयों के 120 संभागीयों ने भाग लिया।संदर्भ व्यक्ति दायित्व निर्वहन गोपाल शर्मा, रतन सिंह, रूपकला शर्मा, प्रमिला कच्छावा, कुसुमलता जायसवाल ने किया।

## महावीर इंटरनेशनल रॉयल ने किए गए सेवा कार्य



सितारा न्यूज नेटवर्क



**ब्यावर (अनिल सिखवाल)।** सबको प्यार सबकी सेवा के उद्देश्य से नवगठित महावीर इंटरनेशनल रॉयल के तत्वावधान में वीर अमित मेहता परिवार द्वारा आचार्य प्रवर ज्ञानचंद्र म.सा. के 18 वें चादर दिवस के उपलक्ष्य में कृषी मंडी क्षेत्र में घुमक्कड़ प्रवृत्ति से जीवनयापन करने वाले निर्धन जरूरतमन्द व्यक्तियो को भोजन करवा कर मानव सेवार्थ कार्य किया गया संस्था चेयरमैन वीर अशोक पालडेचा ने बताया कि महावीर इंटरनेशनल रॉयल ब्यावर का गठन 01 अप्रैल को हुआ। अपने गठन से ही संस्था सेवा कार्य में सक्रिय रूप से कार्य कर रही है संस्था सचिव वीर रूपेश कोठारी के अनुसार इस अवसर पर वीर दिलीप दक,वीर अमित बाबेल,वीर जितेन्द्र धारीवाल,वीर पुष्पेंद्र चौधरी,वीर बाबूलाल आच्छा,आदि सदस्य उपस्थित थे। कार्यक्रम संयोजक वीर अमित बाबेल, वीर पुष्पेन्द्र चौधरी ने जानकारी दी कि इस अवसर पर लाभार्थी अमित मेहता परिवार का संस्था की ओर से अभिनंदन किया गया।

## उपखण्ड मुख्यालय व तहसील मुख्यालय पर नियमित लग रहे महंगाई राहत कैंप







सितारा न्यूज नेटवर्क

**रैणी(अलवर)महेश चन्द मीना ।** राजस्थान सरकार के निदेर्शानुसार अलवर कलेक्टर जितेन्द्र कुमार सोनी के निर्देशन मे आमजन की सुविधा को ध्यान मे रखते हुए रैणी क्षेत्र मे भी स्थाई कैम्प रैणी उपखण्ड मुख्यालय पर व रैणी तहसील मुख्यालय पर नियमित रूप से 24 अप्रैल सोमवार से ही लगाये जा रहे है। गुरुवार दोपहर को मिडियाकर्मी महेश चन्द मीना ने रैणी एसडीएम कार्यालय पर जाकर देखा तो पाया गया 106 नम्बर कूपन को राजस्थान सरकार द्वारा दी जाने वाली 10 जन कल्याण योजनाओ का रजिस्ट्रेशन किया जा रहा था एवं इसी तरह से मिडिया को रैणी तहसीलदार कार्यालय पर भी आमजन के हित को ध्यान मे रखते हुए 10 जन कल्याण योजनाओ का रजिस्ट्रेशन करते हुए देखा गया।

जनता की समस्या हल पहले...

## मंहगाई राहत कैंप में सड़क निर्माण कार्य का कैंप प्रभारी को सौंपा ज्ञापन



सितारा न्यूज नेटवर्क

**जयपुर।** गुरुवार आमेर तहसील के रामपुरा डाबडी उप तहसील कार्यालय पर राजस्थान सरकार की ओर संचालित मंहगाई राहत कैंप में स्थानीय निवासियों ने कैंप प्रभारी जालसु श्यामा राठौड़ को ग्राम सुयार्वाटिका सीकर रोड से ग्राम महेशावाश तक सडक निर्माण कार्य करवाये जाने के लिए लिखित ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन के दौरान ये रहे मौजूद पूर्व विधायक नवीन पिलानिया, उप जिलाप्रमुख जयपुर मोहन डागर, पूर्व पंचायत समिति सदस्य सीताराम जाँगिड, मंगल सिंह , बाबुलाल सोलेट, सवाई सिंह, खेमचन्द सैनी, एडवोकेट जितेन्द्र पलसानिया, लालाराम सहित अन्य लोग मौजूद थे।

संघ के स्वयंसेवक द्वारा देहदान का शरीर दिल्ली से पहुंचा अलवर

## ईएसआईसी अस्पताल में संघ के कार्यकताओं ने पुष्पांजलि अर्पित, कर शरीर को मेडिकल कॉलेज को किया सुपुर्द

सितारा न्यूज नेटवर्क

**रुपेश शर्मा।** संघ के स्वयंसेवक श्री आरपी गुप्ता के देहावसान के पश्चात उनकी अंतिम इच्छा अनुसार उनके परिवार जनों ने आरपी गुप्ता उम्र 73 वर्ष निवासी गली दोमान, बाग दीवार, फतेहपुरी दिल्ली के शरीर को दधीचि देवदान दिल्ली को सौंपा और दिल्ली से अलवर में नए मेडिकल कॉलेज की आवश्यकता को देखते हुए दधीचि देवदान दिल्ली ने उक्त शरीर को अलवर ईएसआईसी मेडिकल कॉलेज में भिजवाया और अलवर राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ कार्यालय को सूचित किया । अलवर पहुंचने पर ईएसआईसी अस्पताल में संघ के कार्यकताओं ने पुष्पांजलि अर्पित, कर उक्त आर पी गुप्ता जी के शरीर को ससम्मान मेडिकल कॉलेज के सुपुर्द किया।इस मौके पर संघ के कार्यकर्ता विजेंद्र खंडेलवाल, नितिन गुप्ता, अश्वनी जावली, डॉक्टर पंकज गुप्ता, सुरेश गुप्ता, सतीश गुप्ता, संजय पंडित, मनोज शर्मा उपस्थित रहे जिन्होंने ईएसआईसी मेडिकल कॉलेज के एनाटॉमी विभाग की डॉ सारिका को उक्त शरीर सुपुर्द किया।



# राजकीय सीनियर स्कूल कानेटी का नवीन भवन का हुआ शिलान्यास

## स्थानीय विधायक और रैणी प्रधान प्रतिनिधी के सानिध्य मे हुआ शिलान्यास

### भामाशाह हरफूल मीना ने स्कूल भवन निर्माण के लिए की भूमि दान

### दिल्ली-मुम्बई मेघा हाईवे मे आ गई थी कानेटी सरकारी सीनियर स्कूल

सितारा न्यूज नेटवर्क





**रैणी(अलवर)/महेश चन्द मीना।** अलवर के रैणी-उपखंड क्षेत्र के ग्राम पंचायत मुख्यालय कानेटी पर स्थित सरकारी सीनियर स्कूल कानेटी दिल्ली मुम्बई बडौदरा मे आ जाने के कारण स्कूल भवन ध्वस्त कर दिया गया था जिसकी ऐवज मे 1 करोड 39 लाख रुपए मुआवजा मिला है जिससे यह स्कूल भवन बनवाया जावेगा। इस विधालय के नवीन भवन निर्माण के लिए भामाशाह हरफूल मीना ने अपनी खातेदारी की भूमि दान की है। गुरूवार 27 अप्रैल को विधि विधान पूर्वक भूमि पूजन कराते हुए स्थानीय विधायक जौहरीलाल मीना तथा स्थानीय प्रधान प्रतिनिधी मांगेलाल मीना रिटायर्ड चीफ इंजीनियर के सानिध्य मे अनेक सरपंचगणो की मौजूदगी मे तथा सैकड़ो सामाजिक कार्यकर्ताओ व अनेक गणमान्य ग्रामीण नागरिक ग्रामीण लोगो की मौजूदगी मे उक्त स्कूल के नवीन भवन का शिलान्यास किया गया। इस दौरान स्थानीय ग्रामीणो के द्वारा स्थानीय विधायक जौहरीलाल मीना से मांग की है कि इस विधालय का नामकरण भामाशाह हरफूल मीना के नाम पर होना चाहिए तथा दूसरी मांग की है यह विधालय अंग्रेजी माध्यम भी होना चाहिए तथा तीसरी मांग की थी कि इस स्कूल के लिए खेल मैदान की व्यवस्था भी होनी चाहिए। इस अवसर पर सीबीईओ राजेन्द्र मीना , स्थानीय प्रधानाचार्य निर्मला मीना,स्थानीय सरपंच मुकेशी कमलेश मीना , सरपंच हरि प्रसाद मीना( अध्यक्ष ) , सरपंच धर्मराज मीना ,सरपंच नवलकिशोर गुर्जर , सरपंच बिजेन्द्र कुमार मीना , सरपंच बिशनलाल, सरपंच अशोक कुमार, सरपंच प्रतिनिधी आनन्द सिंह सहित जे.पी.मीना नागल सोहन, भीमाराम बैरावण्डा,मूलचंद मीना ,समय सिंह,मोहनलाल डीलर, मुनेश मीना,अमरचंद मीना,मूलचंद बैरवा सहित अनेक गणमान्य नागरिक मौजूद रहे। मिडिया को यह सारी जानकारी भीमाराम मीना,अमरचंद मीना,मोहनलाल डीलर और समय सिंह मीना आरडी बैरावण्डा , मूलचंद सहित अनेक स्थानीय ग्रामीणो के द्वारा दी गई है। राजगढ लक्ष्मनगढ विधानसभा क्षेत्र के चर्चित चेहरा रैणी प्रधान प्रतिनिधि मागे लाल मीना जी रि. चिफ इन्जीनियर पीडबल्यूडी के निजी पंचायत क्षेत्र में नवीन रा. उ. मा. विधालय कानेटी का शिलान्यास में शिरकत करते हुए मागे लाल मीना जी ने बताया कि विधालय की निर्माण राशि एक करोड़ उन्तालीस लाख है विधालय की भुमी दान दाता हरफूल मीना जी है प्रोग्राम के मुख्य अतिथि श्री जौहरी लाल मीना जी रहे थे साथ मे हरिप्रसाद जी सरपंच (अ.) बहडको कला, धर्म राज मीना सरपंच ईटोली, नवलकिशोर सरपंच बिलेटा, बिशनलाल सरपंच छोटा राजपुर, बिजेंद्र सरपंच भजेडा, अशोक कुमार सरपंच डेरा, आनन्द माचाडी सरपंच गण साथ रहे।

गरीबों का सितारा में प्रकाशित खबर, लेख व विचार लेखकों एवं संवाददाताओं के अपने हैं इसमें संपादकीय सहमति अनिवार्य नहीं है। सभी प्रकार के विवादों का न्यायिक क्षेत्र जयपुर होगा।

# पिच गेंदबाजों के लिए आदर्श, पंजाब और लखनऊ के बीच जंग आज

एजेंसी ▶▶| मोहाली

पंजाब किंग्स के खिलाफ शुक्रवार को इंडियन प्रीमियर लीग के अहम मुकाबले में लखनऊ सुपर जाइंट्स को अपने बल्लेबाजों से बेहतर प्रदर्शन की उम्मीद होगी। दोनों टीमों ने सात में से चार मैच जीते हैं और कठिन होती जा रही प्लेआफ की दौड़ में अब हर मैच महत्वपूर्ण हो गया है। लखनऊ की पिच बल्लेबाजी के लिए आदर्श नहीं रही है और शनिवार को गुजरात टाइटंस के खिलाफ 136 रन के आसान लक्ष्य का पीछा करते हुए हारने के बाद कप्तान केएल राहुल का स्ट्राइक रेट चर्चा का विषय बना हुआ है। राहुल का स्ट्राइक रेट अभी तक 113.91 रहा है लेकिन वह इससे बेहतर प्रदर्शन कर सकते हैं।





सुपर जाइंट्स के कप्तान राहुल का स्ट्राइक रेट चर्चा का विषय

## धवन कर सकते हैं वापसी

पंजाब किंग्स पिछले दो मैच हारने के बाद वापसी की कोशिश में होगी। नियमित कप्तान शिखर धवन कंधे की चोट के कारण तीन मैच नहीं खेल सके लेकिन इस मैच में वापसी कर सकते हैं। पंजाब ने अपनी गलतियों से कुछ मैच गंवाए हैं लेकिन अब कोई जोखिम नहीं लेना चाहेगी। शीर्षक्रम पर प्रभसिमरन सिंह और मैथ्यू शॉर्ट को टिककर खेलना होगा जबकि लियाम लिविंगस्टोन अभी तक अपनी लय में नहीं दिखे हैं। कार्यवाहक कप्तान सैम कुरेन ने मुंबई इंडियंस के खिलाफ उम्दा प्रदर्शन किया और वे इसे बरकरार रखना चाहेंगे। अर्शदीप सिंह नई और पुरानी दोनों गेंद से प्रभावी रहे हैं। टीम को अब कैगिसो रबाडा और नाथन एलिस में से एक को चुनना होगा जो आसान नहीं है।



## अब तक नहीं बने 200 रन

इस सत्र में पीसीए स्टेडियम पर अभी तक 200 रन नहीं बन सके हैं लेकिन पिच लखनऊ की तुलना में बेहतर है। तेज गेंदबाज मार्क वुड की गैर मौजूदगी में लखनऊ का गेंदबाजी आक्रमण कमजोर हुआ है। वुड 15 अप्रैल के बाद से एक भी मैच नहीं खेल सके हैं और टीम को उनकी जल्दी वापसी की उम्मीद है। वुड तीन मैच नहीं खेलने के बावजूद उनके लिए सर्वाधिक विकेट ले चुके हैं।

**पंजाब किंग्सः** शिखर धवन (कप्तान), अर्शदीप सिंह, बलतेज सिंह, राहुल चाहर, सैम कुर्रन, ऋषि धवन, नाथन एलिस, गुरनूर बराड़, हरप्रीत बराड़, हरप्रीत सिंह, विद्वाथ कावेरप्पा, लियाम लिविंगस्टोन, मोहित राठी, प्रभसिमरन सिंह, कागिसो रबाडा , भानुका राजपक्षे, एम शाहरुख खान, जितेश शर्मा (विकेटकीपर), शिवम सिंह, मैथ्यू शॉर्ट, सिकंदर रजा, अथर्व तायडे।

**लखनऊ सुपर जायंट्स :** केएल राहुल (कप्तान और विकेटकीपर), काइल मेयर्स, दीपक हुड्डा, कुणाल पंड्या, अमित मिश्रा, निकोलस पूरन (विकेटकीपर), नवीन उल हक, आयुष बडोनी, आवेश खान, करण शर्मा, युद्धवीर चरक, यश ठाकुर, रोमारियो शेफर्ड, मार्क वुड, स्वप्निल सिंह, मनन वोहरा, डेनियल सैम्स, प्रेरक मांकड़, कृष्णप्पा गौतम, जयदेव उनादकट, मार्कस स्टोइनिस, रवि बिश्नोई, मयंक यादव।

### आईपीएल पाइंट टेबल

| टीम | मैच | जीते | हारे | अंक |
|---|---|---|---|---|
| राजस्थान | 8 | 5 | 3 | 10 |
| चेन्नई | 8 | 5 | 3 | 10 |
| गुजरात | 7 | 5 | 2 | 10 |
| लखनऊ | 7 | 4 | 3 | 8 |
| बेंगलोर | 8 | 4 | 4 | 8 |
| पंजाब | 7 | 4 | 3 | 8 |
| कोलकाता | 8 | 3 | 5 | 6 |
| मुंबई | 7 | 3 | 4 | 6 |
| हैदराबाद | 7 | 2 | 5 | 4 |
| दिल्ली | 7 | 2 | 5 | 4 |





| ऑरेंज कैप | पर्पल कैप |
|---|---|
| डु प्लेसिस | राशिद खान |
| 422 रन | 14 विकेट |

### विविधता नहीं सटीक गेंदबाजी पर फोकस

**बेंगलुरु।** कोलकाता नाइट राइडर्स के लेग स्पिनर वरुण चक्रवर्ती का मानना है कि आईपीएल में विविधता की बजाय सटीक गेंदबाजी पर फोकस करने का उन्हें फायदा मिल रहा है। उन्होंने कहा, 'मैने विविधता की बजाय सटीक गेंदबाजी पर अधिक फोकस किया है। मैं एसी प्रथिबान के साथ काम कर रहा था जो चेन्नई में मेरे स्पिन कोच थे। इससे काफी मदद मिली। जो कुछ भी अभिषेक नायर कहते हैं, उससे मुझे हमेशा फायदा मिलता है। मेरी वापसी में इन दोनों की अहम भूमिका रही।'



### डबल बोगी से नीचे खिसके शुभंकर

इंचियोन। भारतीय गोल्फर शुभंकर शर्मा को अंतिम होल में डबल बोगी करने का खामियाजा भुगतना पड़ा जिससे वह कोरिया ओपन गोल्फ चैंपियनशिप में गुरुवार को यहां एक समय शीर्ष 10 में होने के बावजूद आखिर में संयुक्त 31वें नंबर पर खिसक गए। शुभंकर का स्कोर 17वें होल तक तीन अंडर पर था लेकिन अंतिम होल की गलती के कारण आखिर में उनका स्कोर एक अंडर 71 रहा। इस बीच मनु गंडास ने निराशाजनक प्रदर्शन किया तथा आखिरी चार होल में दो बर्डी बनाने के बावजूद पहले दौर में उनका स्कोर दो ओवर 74 रहा और वहां संयुक्त 91वें स्थान पर हैं।



### एशियन चैंपियन कौर सिंह नहीं रहे

**चंडीगढ़।** एशियाई खेलों के स्वर्ण पदक विजेता मुक्केबाज कौर सिंह का कुरुक्षेत्र के एक अस्पताल में गुरुवार को निधन हो गया। वह 74 वर्ष के थे और विभिन्न स्वास्थ्य समस्याओं से जूझ रहे थे। उन्होंने जनवरी 1980 में एक नुमाइशी मैच में महान मुक्केबाज मुहम्मद अली का सामना किया था। उन्होंने दिल्ली में 1982 एशियाई खेलों में हैवीवेट मुक्केबाजी में स्वर्ण पदक जीता था। कौर को 1982 में अर्जुन पुरस्कार और 1983 में पद्मश्री से नवाजा गया था। एक आधिकारिक बयान के अनुसार, 'पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान ने पूर्व ओलंपियन और अनुभवी मुक्केबाज कौर सिंह के निधन पर शोक व्यक्त किया है।'



## सुपरकिंग्स को हराकर अंक तालिका में शीर्ष पर पहुंचा रॉयल्स

# जायसवाल और गेंदबाजों ने रॉयल्स को सुपरकिंग्स पर जीत दिलाई

भाषा ▶▶| जयपुर

सलामी बल्लेबाज यशस्वी जायसवाल के अर्धशतक के बाद एडम जंपा और रविचंद्रन अश्विन के फिरकी के जादू से राजस्थान रॉयल्स इंडियन प्रीमियर लीग में गुरुवार को यहां चेन्नई सुपरकिंग्स को 32 रन से हराकर अंक तालिका में शीर्ष पर पहुंच गया। रॉयल्स, सुपरकिंग्स और गुजरात टाइटंस तीनों के 10 अंक हैं लेकिन बेहतर नेट रन रेट के कारण रॉयल्स की टीम शीर्ष पर है। टाइटंस ने हालांकि बाकी दो टीम के आठ की तुलना में एक मैच कम खेला है। रॉयल्स के 203 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए सुपरकिंग्स की टीम जंपा (22 रन पर तीन विकेट) और अश्विन (35 रन पर दो विकेट) की फिरकी के सामने शिवम दुबे (33 गेंद में 52 रन, दो चौके, चार छक्के) के अर्धशतक और रुतुराज गायकवाड़ (47) की उम्दा पारी के बावजूद छह विकेट पर 170 रन ही बना सकी। रॉयल्स ने इससे पहले सलामी बल्लेबाज यशस्वी जायसवाल (43 गेंद में 77 रन, आठ चौके, चार छक्के) के अर्धशतक और ध्रुव जुरेल (15 गेंद में 34 रन, तीन चौके, दो छक्के) तथा देवदत्त पडिक्कल (13 गेंद में नाबाद 23, चार चौके) के बीच पांचवें विकेट के लिए 20 गेंद में 48 रन की साझेदारी से पांच विकेट पर 202 रन बनाए। सवाई मानसिंह स्टेडियम में टी20 मुकाबले में पहली बार कोई टीम 200 रन के आंकड़े को पार करने में सफल रही। लक्ष्य का पीछा करने उतरे सुपरकिंग्स की शुरुआत धीमी रही। टीम ने पावर प्ले में एक विकेट पर 42 रन बनाए जो मौजूदा सत्र में शुरुआती छह ओवर में टीम का न्यूनतम स्कोर है। सुपरकिंग्स की टीम शुरुआती तीन ओवर में 13 रन ही बना सकी। गायकवाड़ ने इसके बाद मोर्चा संभालते हुए जेसन होल्डर की लगातार गेंदों पर चौका और छक्का जड़ा। गायकवाड़ ने अश्विन और जंपा की गेंद को भी बाउंड्री के दर्शन कराए। अच्छी फॉर्म में चल रहे डेवोन कॉनवे हालांकि 16 गेंद में सिर्फ आठ रन बनाने के बाद जंपा की गेंद पर संदीप शर्मा को मिड ऑफ पर आसान कैच दे बैठे। गायकवाड़ भी इसके बाद जंपा की गेंद पर बड़ा शॉट खेलने की कोशिश में लांग ऑन पर पडिक्कल के हाथों लपके गए। उन्होंने 29 गेंद की अपनी पारी में पांच चौके और एक छक्का मारा। अश्विन ने 11वें ओवर में सुपरकिंग्स को दोहरा झटका दिया। उन्होंने अजिंक्य रहाणे (15) को बटलर के हाथों कैच कराने के बाद अंबाती रायुडू (00) को भी होल्डर के हाथों कैच कराके सुपरकिंग्स का स्कोर चार विकेट पर 73 रन किया। मोईन अली ने होल्डर और युजवेंद्र चहल पर छक्के के साथ रन गति बढ़ाने का प्रयास किया जबकि शिवम दुबे ने अश्विन पर लगातार दो छक्कों के साथ 14वें ओवर में टीम के रनों का शतक पूरा किया। दुबे ने अगले ओवर में जंपा पर एक और छक्का जड़ा लेकिन मोईन (23) ने विकेटकीपर सैमसन को कैच थमा दिया। सुपरकिंग्स को अंतिम पांच ओवर में जीत के लिए 78 रन की दरकार थी। संदीप के 16वें ओवर में सिर्फ चार रन बने। दुबे ने होल्डर के अगले ओवर में दो चौकों और एक छक्के से 16 रन जुटाए। संदीप के 18वें ओवर में रविंद्र जडेजा (नाबाद 23) ने दो चौके मारे जिससे ओवर में 12 रन बने। सुपरकिंग्स को अंतिम दो ओवर में जीत के लिए 46 रन की जरूरत थी। होल्डर के 19वें ओवर में सिर्फ नौ रन बने जिससे सुपरकिंग्स की हार लगभग तय हो गई। दुबे ने इस बीच 29 गेंद में लगातार तीसरा अर्धशतक पूरा किया। रॉयल्स के कप्तान संजू सैमसन ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का फैसला किया जिसके बाद जायसवाल ने बटलर (27) के साथ मिलकर टीम को एक बार फिर तूफानी शुरुआत दिलाई। दोनों ने पावर प्ले में बिना विकेट खोए 64 रन जोड़े। जायसवाल शुरुआत से ही लय में दिखे।

■ बेहतर नेट रन रेट के कारण रॉयल्स की टीम शीर्ष पर



## केंद्रीय अनुबंध : रिचा, जेमी का प्रमोशन, शिखा बाहर



एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

युवा विकेटकीपर रिचा घोष और जेमिमा रौड्रिग्स को बीसीसीआई के 2022-23 सत्र के लिए केंद्रीय अनुबंध में बी ग्रेड में प्रमोशन मिला है जबकि शिखा पांडे और तानिया भाटिया बाहर हो गई हैं।

अनुबंध अक्टूबर से सितंबर का होता है लेकिन बीसीसीआई ने गुरुवार को इसका ऐलान किया। ए ग्रेड वाले खिलाड़ी को मैच फीस से इतर 50 लाख, बी वाले को 30 लाख और सी श्रेणी में 10 लाख रुपए मिलते हैं। बोर्ड ने ए श्रेणी में सिर्फ कप्तान हरमनप्रीत कौर, बल्लेबाज स्मृति मंधाना और हरफनमौला दीप्ति शर्मा को रखा है। स्पिनर राजेश्वरी गायकवाड़ को बी श्रेणी में डाल दिया गया है। लेग स्पिनर पूनम यादव को अनुबंध नहीं मिला है जो पिछली बार ए श्रेणी में थी। वह मार्च 2022 के बाद से भारत के लिए नहीं खेली हैं। अनुभवी तेज गेंदबाज शिखा पांडे को भी करार नहीं मिला है। तेज गेंदबाज रेणुका ठाकुर को बी श्रेणी का करार मिला है।



### अनुबंध सूची :

**ए श्रेणी :** हरमनप्रीत कौर, स्मृति मंधाना और दीप्ति शर्मा।
**बी श्रेणी :** रेणुका ठाकुर, जेमिमा रौड्रिग्स, शेफाली वर्मा, रिचा घोष और राजेश्वरी गायकवाड़।
**सी श्रेणी :** मेघना सिंह, देविका वैद्य, एस मेघना, अंजलि सरवानी, पूजा वस्त्राकर, स्नेह राणा, राधा यादव, हरलीन देयोल और यस्तिका भाटिया।

## दो दोहरे शतक, दो सेंचुरी श्रीलंका ने रचा इतिहास

एजेंसी ▶▶| गॉल

आयरलैंड और श्रीलंका के बीच खेले जा रहे दूसरे टेस्ट में श्रीलंका के 4 खिलाड़ियों ने कमाल कर दिया है। श्रीलंका टीम के लिए ऐसा पहली बार हुआ है जब शीर्ष चार बल्लेबाजों ने टेस्ट की एक पारी में चार शतक बनाए हैं। वहीं टेस्ट क्रिकेट के इतिहास में ये तीसरी बार है जब टेस्ट मैच की एक पारी में टॉप 4 खिलाड़ियों ने शतक बनाए हैं। श्रीलंका के टॉप 4 बल्लेबाजों ने आयरलैंड के खिलाफ दो दोहरा शतक और दो सेंचुरी बनाई। श्रीलंका ने पहली पारी में 3 विकेट खोकर 704 रन बना लिए हैं। श्रीलंका के लिए सलामी बल्लेबाज निशान मदुष्का ने 205 रनों की पारी खेली। उनके अलावा कुसल मेंडिस ने 245 रनों का योगदान दिया। एंजलो मैथ्यूज ने 100 और दिमुथ करुणारत्ने ने 115 रन बनाए। अगर मैच की बात करें तो आयरलैंड ने पहली पारी में 492 रन बनाए थे। दूसरी पारीमें आयरलैंड ने दो विकेट पर 54 रन बना लिए है और अब भी श्रीलंका से 158 रन पीछे है।

## आंद्रिवा की डब्लूटीए टूर पर पहली जीत, राडुकानू हटी

एजेंसी ▶▶| मैड्रिड

रूस की 15 वर्षीय मिरा आंद्रिवा ने डब्लूटीए टूर पर पहली जीत दर्ज करते हुए पूर्व अमेरिकी ओपन उपविजेता लैला फर्नांडिस को 6-3, 6-4 से हराकर मैड्रिड ओपन के अगले दौर में जगह बनाई। कोको गॉफ और सिसि बेलिस के बाद डब्लूटीए 1000 टूर्नामेंट का मुख्य ड्रॉ का मैच जीतने वाली वह तीसरी सबसे युवा खिलाड़ी बन गई।

इसके अलावा शीर्ष 50 में शामिल किसी खिलाड़ी को हराने वाली 15 वर्ष की दूसरी खिलाड़ी भी बन गई। अब उसका सामना 13वीं वरीयता प्राप्त ब्राजील की बिया हदाद माइया से होगा। ब्रेंडा फ्रूविर्तोवा को अन्ना कालिंस्काया ने 2-6, 6-4, 6-4 से हराया लेकिन उससे एक साल बड़ी उसकी बड़ी बहन 17 वर्षीय लिंडा ने कैटी वोलिनेट्स को 6-3, 7-5 से मात दी। अब उसका सामना फ्रेंच ओपन 2017 चैंपियन येलेना ओस्टापेंको से होगा। पूर्व अमेरिकी ओपन चैंपियन एम्मा राडुकानू ने दाहिने हाथ की चोट के कारण नाम वापिस ले लिया। उनकी जगह 'लकी लूजर' जूलिया ग्राबेर ने ली जिसने विक्टोरिया तोमोवा को 6-1, 7-6 से हराया। अमेरिका की स्लोएने स्टीफेंस को जाकलिन क्रिस्टियन ने 5-7, 6-4, 6-4 से हराया जबकि यूजीनी बूचार्ड ने डायना वाय को 6-7, 6-2, 6-2 से मात दी।



### चोट के कारण सुंदर आईपीएल से बाहर

**नई दिल्ली।** सनराइजर्स हैदराबाद के हरफनमौला वाशिंगटन सुंदर हैमस्ट्रिंग की चोट के कारण गुरुवार को आईपीएल के बाकी मैचों से बाहर हो गए जिससे खराब फॉर्म से जूझ रही उनकी टीम को एक और झटका लगा है। टीम ने सुंदर की चोट और बाकी सत्र के लिए उनके उपलब्ध नहीं होने की जानकारी दी। टीम ने ट्वीट किया, 'वाशिंगटन सुंदर हैमस्ट्रिंग चोट के कारण आईपीएल 2023 के बाकी मैच नहीं खेल सकेंगे। उनके जल्दी स्वस्थ होने की कामना।'



## सिंधू व प्रणय आगे बढ़े, श्रीकांत एशिया चैंपियनशिप से बाहर

■ बी सुमित रेड्डी और अश्विनी पोनप्पा की मिश्रित युगल जोड़ी हालांकि हारकर प्रतियोगिता से बाहर हो गई।

भाषा ▶▶| दुबई

दो बार की ओलंपिक पदक विजेता पीवी सिंधू ने गुरुवार को यहां चीन की हेन युई पर सीधे गेम में जीत के साथ एशिया बैडमिंटन चैंपियनशिप के महिला एकल क्वार्टर फाइनल में जगह बनाई। भारत के स्टार बैडमिंटन खिलाड़ी एचएस प्रणय भी पुरुष एकल क्वार्टर फाइनल में जगह बनाने में सफल रहे लेकिन उनके हमवतन किदांबी श्रीकांत का टूर्नामेंट में सफर समाप्त हो गया। आठवीं वरीयता प्राप्त प्रणय ने प्री क्वार्टर फाइनल में इंडोनेशियाई के चिको ऑरा ड्वी वार्डोयो को एक घंटा और दो मिनट में 16-21 21-5 18-21 से हराया जबकि श्रीकांत को चौथी वरीयता प्राप्त जापान के कोडाई नारोका के खिलाफ 14-21 22-20 9-21 से हार का सामना करना पड़ा। प्रणय अगले दौर में जापान के केंटा सुनेयामा से भिड़ेंगे। सिंधू ने इसके बाद एकतरफा प्री क्वार्टर फाइनल मुकाबले में हेन युई को सिर्फ 33 मिनट में 21-12 21-15 से हराया। आठवीं वरीय सिंधू क्वार्टर फाइनल में कोरिया की दूसरी वरीय आन सी यंग से भिड़ेंगी। मिश्रित युगल में रोहन कपूर और एन सिक्की रेड्डी की जोड़ी ने भी क्वार्टर फाइनल में प्रवेश किया। भारतीय जोड़ी को सियो सेउंग जेइ और चाई यू जुंग की चौथी वरीयता प्राप्त कोरियाई जोड़ी ने वाकओवर दिया। भारतीय जोड़ी अगले दौर में देजान फर्डिनानसिया और ग्लोरिया इमानुएल विदजाजा की इंडोनेशियाई जोड़ी से भिड़ेगी। बी सुमित रेड्डी और अश्विनी पोनप्पा की मिश्रित युगल जोड़ी हालांकि हारकर प्रतियोगिता से बाहर हो गई।





### पावरप्ले में 'टुकटुक' कर रहे राहुल, कोहली, रोहित

**नई दिल्ली।** आईपीएल 2023 के आधे पड़ाव के बाद कई बैटरों ने अपनी बैटिंग से विपक्षी टीमों के परखच्चे उड़ाकर रख दिए हैं। वहीं कई ऐसे बल्लेबाज भी सामने आए हैं, जो पावरप्ले (1-6 ओवर) में खूब टुकटुक कर रहे हैं। बैटर्स ने खूब डॉट गेंदें खेली हैं। इस लिस्ट में केएल राहुल, विराट कोहली, रोहित शर्मा समेत कई दिग्गज खिलाड़ी हैं। हम आपको इस आईपीएल के अब तक के ऐसे ही टॉप 10 बैटर्स के बारे में बताने जा रहे हैं, जिन्होंने पावरप्ले में खूब डॉट गेंदें खेली हैं। इस लिस्ट में फिसड्डी टीम दिल्ली कैपिटल्स के कप्तान डेविड वॉर्नर अव्वल हैं। डेविड ने 7 मैचों के पावरप्ले में 68 डॉट गेंदें खेली हैं, वॉर्नर ने इन मैचों में 168 रन बनाए हैं। दूसरे नंबर पर लखनऊ सुपर जायंट्स के काइल मेयर्स हैं।

### भारत को एशियाई युवा एथलेटिक्स चैंपियनशिप के पहले दिन चार पदक

**नई दिल्ली।** भारत ने उज्बेकिस्तान के ताशकंद में एशियाई युवा एथलेटिक्स चैंपियनशिप में गुरुवार को यहां सकारात्मक शुरुआत करते हुए एक स्वर्ण पदक सहित चार पदक जीते। आरती ने सुबह के सत्र में लड़कियों की पांच किमी पैदल चाल में कांस्य पदक के साथ भारत के पदकों का खाता खोला। इसी स्पर्धा में भारत की खुशबू यादव चौथे स्थान पर रहीं। शाम के सत्र में भारतीय एथलीटों ने ट्रैक स्पर्धा में स्वर्ण और रजत पदक जीते। भारत ने लड़कियों की लंबी कूद प्रतियोगिता में भी कांस्य पदक जीता। भारत ने लड़कों की 1500 मीटर स्पर्धा में स्वर्ण और रजत पदक जीता। प्रियांशु ने हमवतन राहुल को पछाड़कर स्वर्ण पदक अपनी झोली में डाला। प्रियांशु ने तीन मिनट 57.37 सेकेंड का समय लिया जबकि राहुल तीन मिनट 59.43 सेकेंड के समय के साथ दूसरे स्थान पर रहे। लंबी कूद स्पर्धा में मुबासिना मोहम्मद ने 5.90 मीटर की कूद के साथ भारत के लिए चौथा पदक जीता। भारत की नेहा यादव लड़कियों की तार गोला फेंक स्पर्धा में 52.91 मीटर के समय के साथ चौथे स्थान पर रहीं। भारत की रेजोआना मलिक 400 मीटर के शुरुआती दौर में सबसे तेज महिला धावक रहीं। उन्होंने 53.65 सेकेंड का समय निकालकर फाइनल में जगह बनाई। लड़कों की 400 मीटर स्पर्धा में नवप्रीत सिंह और शरण मेघावर्णम भी फाइनल में जगह बनाने में सफल रहे।

## जोशी, चौरसिया, प्रणवी और अवनि एशियाई खेलों के लिए क्वालीफाई

एजेंसी ▶▶| कोलकाता

बेंगलुरु की प्रणवी उर्स और एमेच्योर अवनि प्रशांत ने यहां ट्रायल्स में कुल 10 अंडर 206 का समान स्कोर बनाकर संयुक्त रूप से पहला स्थान हासिल करके इस साल सितंबर में चीन में होने वाले एशियाई खेलों की गोल्फ प्रतियोगिता के लिए क्वालीफाई किया।



भारत की स्टार गोल्फर अदिति अशोक पहले ही एशियाई खेलों की टीम में जगह बना चुकी थी। इस तरह से अब महिला गोल्फ में भारत के तीन खिलाड़ी एशियाई खेलों में अपनी चुनौती पेश करेंगे। प्रणवी रॉयल कलकत्ता गोल्फ क्लब में दूसरे दौर के बाद अवनी से एक शॉट पीछे चल रही थी लेकिन उन्होंने अंतिम दौर में 17वें होल में बोगी करने के बावजूद तीन अंडर 69 का स्कोर बनाया। अवनि ने अंतिम होल में बोगी की और आखिर में प्रणवी के साथ संयुक्त रूप से पहले स्थान पर रही। पुरुषों के वर्ग में खालिन जोशी ने अंतिम दौर में चार अंडर 68 का कार्ड खेला और 54 होल के बाद उनका कुल स्कोर 13 अंडर 203 रहा। एसएसपी चौरसिया ने भी अंतिम दौर में 68 का कार्ड खेला और उनका कुल स्कोर 11 अंडर 205 रहा जिससे वह दूसरे स्थान पर रहकर एशियाई खेलों में जगह बनाने में सफल रहे।

गरीबों का सितारा में प्रकाशित खबर, लेख व विचार लेखकों एवं संवाददाताओं के अपने हैं इसमें संपादकीय सहमति अनिवार्य नहीं है। सभी प्रकार के विवादों का न्यायिक क्षेत्र जयपुर होगा।

# जन-जन तक राहत पहुंचाने का जरिया बन गए हैं महंगाई राहत कैंप : खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति मंत्री

## खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति मंत्री ने किया महंगाई राहत कैंप का औचक निरीक्षण







### चार दिनों में जयपुर जिले में एक लाख 45 हजार 338 परिवारों को जारी हुए 6 लाख 10 हजार 667 मुख्यमंत्री गारंटी कार्ड

सितारा न्यूज नेटवर्क

**जयपुर।** मुख्यमंत्री अशोक गहलोत पहल पर आमजन को महंगाई से राहत दिलाने के लिए आयोजित किये जा रहे महंगाई राहत कैंप सुशासन की दिशा में मील का पत्थर साबित हो रहे हैं। यह कहना है कैबिनेट मंत्री प्रताप सिंह खाचरियावास का। खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति मंत्री खाचरियावास ने गुरुवार को जिला कलक्ट्रेट परिसर में आयोजित स्थाई महंगाई राहत कैंप का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने कैंप में व्यवस्थाओं एवं आमजन के लिए मुहैया करवाई गई सुविधाओं पर संतोष जाहिर किया। उन्होंने लाभार्थियों को महंगाई राहत गांरटी कार्ड का वितरण किया साथ ही लाभार्थियों से कैंप को लेकर फीडबैक भी लिया। खाचरियावास ने कहा कि जनता महंगाई से त्रस्त हैं यही कारण है कि सभी महंगाई राहत कैंप में लोगों का हुजूम उमड़ रहा है। कैंप में लंबी लंबी कतारें लगी हैं, आमजन में रजिस्ट्रेशन करवाने की होड देखने को मिल रही है।

#### गुरुवार को 2 लाख 6 हजार 948 गारंटी कार्ड किये गए वितरित

जिला कलक्टर प्रकाश राजपुरोहित ने बताया कि गुरुवार को जिले में आयोजित महंगाई राहत कैंप में लाभार्थियों को 2 लाख 6 हजार 948 गारंटी कार्ड जारी किये गए हैं। विगत चार दिनों में जयपुर जिले में कुल 6 लाख 10 हजार 667 गारंटी कार्ड जारी किये जा चुके हैं। उन्होंने बताया कि गुरुवार को इंदिरा गांधी गैस सिलेंडर सब्सिडी योजना में 9 हजार 451, मुख्यमंत्री निःशुल्क घरेलू बिजली योजना में 35 हजार 964, मुख्यमंत्री निःशुल्क कृषि बिजली योजना में 2 हजार 953, मुख्यमंत्री निःशुल्क अन्नपूर्णा फूड पैकेट योजना के तहत 33 हजार 132, महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना में 6 हजार 399, इंदिरा गांधी शहरी रोजगार गारंटी योजना में 2 हजार 198, सामाजिक सुरक्षा पेंशन योजना में 16 हजार 828, मुख्यमंत्री कामधेनु बीमा योजना में 14 हजार 71, मुख्यमंत्री चिरंजीवी स्वास्थ्य बीमा योजना में 42 हजार 976, मुख्यमंत्री चिरंजीवी दुर्घटना बीमा योजना में 42 हजार 976 लाभार्थियों ने पंजीकरण करवाया है। उन्होंने कहा कि परिवार का कोई भी सदस्य इन 10 योजनाओं के लिये महंगाई राहत कैम्प में रजिस्ट्रेशन करवा सकता हैं।

### जयपुर शहर में 30 जून तक स्थाई कैंपों का होगा आयोजन

- स्थाई कैंप 30 जून तक प्रत्येक सोमवार से शनिवार तक सुबह 10 बजे से शाम 6 बजे तक आयोजित होंगे।
- जयपुर जिला कलक्ट्रेट परिसर
- राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय, नांगल जैसा बोहरा
- भवानी निकेतन कॉलेज, जयपुर
- कठपूतली नगर, वार्ड नम्बर-142
- सोमेश्वरपुरी, सरकारी स्कूल, झालाना डूंगरी, जयपुर
- बजाज नगर थाने के पास, जयपुर
- पंचवटी सर्किल राजपार्क
- पार्षद कार्यालय, वार्ड नंबर-117, जगतपुरा फ्लाईओवर के नीचे
- नगर निगम कॉलोनी, गोलीमार गार्डन बड़ा पार्क आमेर रोड
- अंबेडकर भवन टनल के पास, ट्रांसपोर्ट नगर
- राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय, गोपालपुरा देवरी, त्रिवेणी चौराहे के पास, गोपालपुरा बाईपास
- रीको कांटा चौराहा, बस स्टैण्ड के पास न्यू सांगानेरी रोड
- इंडिया गेट, इंदिरा रसोई के पास, प्रताप नगर सांगानेर
- दुर्गापुरा रेल्वे स्टेशन
- पंचायत समिति सांगानेर
- राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय, हरमाड़ा, जयपुर
- पंचायत समिति, कालवाड़ रोड, झोटवाड़ा
- खातीपुरा पुलिया के नीचे, पार्षद कार्यालय, झोटवाड़ा
- महात्मा गांधी अंग्रेजी माध्यम स्कूल, संजय नगर वार्ड नं- 62
- धर्मसिंह सर्किल पार्क, एम.डी रोड
- नगर निगम कार्यालय तेजाजी का चौक भाकरोटा बस स्टैंड के पास
- उप पंजीयक कार्यालय थडी मार्केट अग्रवाल फार्म मानसरोवर जयपुर
- अंबेडकर भवन, उपखंड कार्यालय के पीछे सांगानेर
- सन एण्ड मून टॉवर का ग्राउण्ड, सीकर रोड
- स्वर्ण जयंती पार्क इन्दिरा रसोई वार्ड नं0 23, पार्षद कार्यालय के पास सेक्टर नं0 8 विद्याधर नगर
- पार्षद कार्यालय वार्ड नंबर-45 झोटवाड़ा जोन
- आदर्श बाजार बरकरत नगर
- दुर्गापुरा बस स्टैंड के पास, टोंक रोड
- नारायण सिंह सर्किल, पिंकसिटी प्रेस क्लब
- सेक्टर-18, श्री पुलिया के पास, हाजरीगाह, जगतपुरा
- स्पेस सिनेमा हॉल, बनीपार्क
- ईएसआई हॉस्पिटल, अजमेर रोड
- हवामहल जोन कार्यालय, गणगौरी बाजार
- इंदिरा गांधी भवन, 17 नंबर बस स्टैण्ड, जयपुर
- गौड वि.प्रि. स्कूल गोपीनाथ मार्ग, जालूपुरा चौराहा
- गणेश जी के मंदिर के खंदे पर बड़ी चौपड़
- मुसाफिर खाना एमडी रोड, जयपुर
- सामुदायिक केन्द्र, जामड़ोली

### कलेक्ट्रेट परिसर में कलक्टर ने किया स्थाई महंगाई राहत कैंप का उद्घाटन

गुरुवार को कलक्टर प्रकाश राजपुरोहित ने कलेक्ट्रेट परिसर में स्थाई महंगाई राहत कैंप का उद्घाटन किया। इस मौके पर उन्होंने पहले लाभार्थी को मुख्यमंत्री महंगाई राहत गारंटी कार्ड सौंपे। उद्घाटन समारोह में कलक्टर ने लाभार्थियों से संवाद भी किया साथ ही कैंप की व्यवस्थाओं का जायजा लिया एवं अधिकारियों को आमजन की सुविधा के लिए जरूरी इंतजाम दुरुस्त रखने के निर्देश भी दिये। इस दौरान अतिरिक्त जिला कलक्टर (प्रथम) दिनेश कुमार शर्मा, अतिरिक्त जिला कलक्टर (तृतीय) अशोक कुमार शर्मा सहित कई विभागों के जिला स्तरीय अधिकारी मौजूद रहे।

### 27 अप्रैल को यहां आयोजित होंगे प्रशासन शहरों के संग अभियान एवं महंगाई राहत कैंप

| नगरीय निकाय | वार्ड संख्या | शिविर स्थल |
|---|---|---|
| बगरू | 4,5 | राजकीय उच्च प्राथमिक विद्यालय, राज का नोहरा |
| बस्सी | 8 | जैन धर्मशाला गौर बाजार, बस्सी |
| चौमूं | 5,6 | खादी बाग, राजकीय उच्च प्राथमिक विद्यालय |
| किशनगढ़ रेणवाल | 4 | ख्वाजा गरीब नवाज स्कूल, करड रोड |
| जोबनेर | 2 | फायर स्टेशन, जोबनेर |
| फुलेरा | 3 | बालक नाथ जी की बगीची, बिचून रोड |
| सांभरलेक | 3 | नंबर 1 सराय स्कूल, सांभरलेक |
| शाहपुरा | 5 | मंडी प्रांगण, शाहपुरा |
| नरायणा | 3 | राजकीय प्राथमिक विद्यालय, कांकरिया ढाणी नरायणा, |
| मनोहरपुर | 9,10 | नगरपालिका कार्यालय, मनोहरपुर, कोटपूतली, सांगटेड़ा |
| चाकसू | 4,5,6 | सामुदायिक भवन, रैगरों का मोहल्ला |

### 28 अप्रैल को यहां आयोजित होंगे प्रशासन गांवों के संग अभियान एवं महंगाई राहत कैप

| पंचायत | स्थल | पंचायत समिति | शिविर स्थल |
|---|---|---|---|
| झोटवाड़ा | धानक्या | सांगानेर | कपूरावाला |
| चाकसू | तामड़िया | मौजमाबाद | गुढ़ाबैरसल |
| गोविन्दगढ़ | कालाडेरा | आमेर | सिरोही |
| जालसू | देवगुढ़ा | बस्सी | हंसमहल |
| तूगां | भूडला | जमवारामगढ़ | जयचंदपुरा |
| आंधी | माथासूला | शाहपुरा | मामटोरी |

### महंगाई राहत कैंप सफलता की कहानी-2

**राजमिस्त्री दुर्गाप्रसाद की दूर होंगी दुश्वारियां,** 47 वर्षीय दुर्गाप्रसाद राजमिस्त्री हैं और बढ़ती महंगाई से त्रस्त हैं। दुर्गाप्रसाद कहते हैं कि मुख्यमंत्री श्री अशोक गहलोत ने गरीब जनता की पीड़ा समझी है तभी तो जो योजनाएं गरीबों से जुड़ी थी उनका लाभ घर के पास ही कैंप लगा कर सरकार द्वारा दिया जा रहा है। उन्होंने कहा कि कमाई तो महंगाई के भेंट ही चढ़ जाती है। अब 500 रुपये में गैस सिलेण्ड और अन्नपूर्णा फूड किट मिलेगा तो जिदंगी थोड़ी आसान हो जाएगी। वहीं, 25 लाख तक का इलाज निःशुल्क मिलने से किसी अनहोनी की चिन्ता भी दूर हो जाएगी। कलक्ट्रेट परिसर में दुर्गाप्रसाद ने 6 योजनाओं के लिए पंजीकरण करवाया। उन्होंने कहा कि मैं जवाहर नगर कच्ची बस्ती रहता हुं।

### महंगाई राहत कैंप सफलता की कहानी-1

50 वर्षीय सोनू देवी को मिला 5 योजनाओं का लाभ जयपुर के पेंटर कॉलोनी निवासी 50 वर्षीय सोनू देवी को एकल नारी सम्मान पेंशन योजना की लाभार्थी हैं। अभी तक उन्हें 500 रुपये मासिक पेंशन मिल रही थी। कलक्ट्रेट परिसर में आयोजित महंगाई राहत कैंप में रजिस्ट्रेशन के बाद सोनू देवी ने बताया कि अब उन्हें 1000 रुपये मासिक पेंशन मिलेगी जिससे उन्हें घर चलाने में काफी सहायता होगी। साथ ही उन्होंने कहा कि रसोई गैस से लेकर फूड पैकेट तक की योजना से रसोई का बजट संभलेगा। सोनू देवी ने बताया कि उन्हें पेंशन के अतिरिक्त 100 यूनिट निःशुल्क घरेलू बिजली, मुख्यमंत्री निःशुल्क अन्नपूर्णा फूड पैकेट योजना, मुख्यमंत्री चिरंजीवी स्वास्थ्य बीमा योजना के साथ-साथ इंदिरा गांधी गैस सिलेण्डर सब्सिडी योजना जैसी योजनाओं के गारंटी कार्ड मौके पर ही मुहैया करवा दिये गए। मुख्यमंत्री अशोक गहलोत का आभार जताते हुए सोनू देवी ने कहा कि गरीबी एक अभिशाप है जिससे मुक्ति दिलाने में महंगाई राहत कैंप मददगार साबित हो रहे हैं।

---

डॉ.शिखा मील का चिट्ठी महा-अभियान, ग्राम भूतेड़ा में हुआ आयोजित

## प्रवास फाउंडेशन द्वारा पेयजल व सिंचाई जल समस्या के स्थाई समाधान को लेकर चलाया जा रहा चिट्ठी महा-अभियान

### अभियान के तहत केंद्र एवं राज्य सरकार से बीसलपुर योजना एवं नदी जोड़ो योजना की क्रियान्विति चौमूं क्षेत्र के लिए करने के लिए किया जा रहा आग्रह : डॉ.शिखा मील





सितारा न्यूज नेटवर्क

**चौमूं (सुनील कुमार पाराशर)।** पेयजल व सिंचाई जल समस्या के स्थाई समाधान के लिए प्रयास फाउंडेशन की अध्यक्षा डॉ शिखा मिल द्वारा चलाया जा रहा चिट्ठी महा-अभियान गुरूवार को चौमूं क्षेत्र के ग्राम भूतेड़ा मे आयोजित हुआ। कार्यक्रम के दौरान फाउंडेशन की अध्यक्षा डॉ.शिखा मील ने बताया कि चौमूं व आसपास के क्षेत्र में पेयजल की बहुत ही बड़ी समस्या देखने को मिली है जिसको मध्यनजर रखते हुए लोगों को जागरूक करने व सरकार का ध्यान आकर्षित करने के लिए क्षेत्र में चिठ्ठी महाअभियान चालू किया गया है। क्षेत्र के प्रत्येक गांव ढाणियों में जाकर लोगों को इस महाअभियान से जोड़ा जा रहा है। लोगो को पेयजल व सिंचाई जल का महत्व, आवश्यकता व आगामी पेयजल संकट के बारे में जागरूक करते हुए केंद्र व राज्य सरकार के नाम पोस्टकार्ड के माध्यम से चिठ्ठी लिखवाई जा रही हैं। डॉ. शिखा





मील ने आगे बताया कि जल समस्या किसी घर, मोहल्ले या कॉलोनी की ही नहीं बल्कि पूरे चौमूं क्षेत्र की समस्या बन चुकी है। जिसका समाधान जल्द से जल्द होना बहुत जरुरी है। इसलिए इस अभियान में चौमूं क्षेत्र के हर घर से प्रत्येक सदस्य द्वारा भारत के माननीय प्रधानमंत्री व राजस्थान के माननीय मुख्यमंत्री को चौमूं की पेयजल समस्या एवं सिंचाई जल संकट के समाधान के लिए चिट्ठी लिखवाई जा रही हैं। इस अभियान में केंद्र एवं राज्य सरकार से बीसलपुर पानी योजना एवं नदी जोड़ो योजना को क्रियान्वित करने के लिए आग्रह किया जा रहा हैं। इस अभियान में ज्यादा से ज्यादा नागरिक जुड़ रहें हैं तथा चिट्ठी संग्रहण स्थान पर व्यक्तिगत उपस्थित होकर चिट्ठी अभियान का पुरजोर समर्थन कर रहे हैं। ग्राम भूतेड़ा में इस महा अभियान में सरपंच गोरीशंकर नेतड, भागचन्द गढवाल, वार्डपंच, भगवान सहाय बुनकर, दुर्गा शकर बुनकर, सुरज मल यादव, भगवत सिंह नाथावत, सुरेन्द्र शर्मा, छोटुराम कुमावत, सुभाष सैन, भुरामल माण्डिया, नाथूराम माण्डिया, हरफूल माण्डिया, सागरमल माण्डिया, बाबूलाल बोच्लया, तेजपाल जाखड, बनवारी बुनकर, बंशीधर नेतड, गिरधारी नेतड, सहित गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

---

## विरोध : 21 सूत्री माँगों को लेकर किया धरना प्रदर्शन

### जलदाय विभाग के कर्मचारियों ने किया प्रदर्शन

### सैकड़ों कर्मचारी ब्रह्मपुरी डिवीजन के बाहर एकत्रित होकर करे नारेबाजी

सितारा न्यूज नेटवर्क

**जयपुर।** जलदाय विभाग जयपुर शहर के ब्रह्मपुरी डिवीजन के सहायक अभियंताओं की लापरवाही की वजह से विभाग के अंदर बने सरकारी आवासों पर बाहरी व्यक्तियों का अतिक्रमण, कर्मचारियों की सेवा पुस्तिका ए कंपलीट नहीं करना, समय पर कर्मचारियों को लोन नहीं मिलना, सेवानिवृत्त कर्मचारियों का समय पर भुगतान कर्मचारियों के समय पर फिक्सेशन नहीं होना सहित 21 सूत्री मांग पत्र को लेकर गुरुवार को जयपुर शहर के अध्यक्ष सहीउद्दीन के नेतृत्व में सैकड़ों कर्मचारी ब्रह्मपुरी डिवीजन के बाहर एकत्रित होकर अधिशासी अभियंता गिरीश जैन के खिलाफ जमकर नारेबाजी कर प्रदर्शन किया। शहर अध्यक्ष सही उद्दीन ने बताया कि कर्मचारियों की मांगों को लेकर अधिशासी अभियंता गिरी जैन को 21 सूत्री मांग पत्र सौंपा था पर मांग पत्र पर कोई कार्रवाई नहीं की इससे आक्रोशित कर्मचारी ब्रह्मपुरी डिवीजन के बाहर एकत्रित होकर नारेबाजी कर जबरदस्त प्रदर्शन किया प्रदर्शन देखकर अधिशासी अभियंता गिरीश जैन अपने संबंधित सहायक अभियंताओं को लेकर प्रदर्शनकारियों के पास आए। कर्मचारी अधिशासी अभियंता व सहायक अभियंताओं को घेर लिया और कर्मचारियों की मांगों पर अनदेखी करने पर खरी खोटी सुनाई कर्मचारियों के आक्रोश की सूचना मिलते ही कर्मचारी नेता बाबूलाल शर्मा, महेंद्र सिंह शेखावत भी मौके पर पहुंचे। अधिशासी अभियंता ने कर्मचारियों के साथ बैठकर वार्ता की कर्मचारियों ने ब्रह्मपुरी सब डिवीजन के सहायक अभियंता योगेश जांगिड़ पर कर्मचारियों के काम नहीं करने का आरोप लगाते हुए ने घेर लिया सहायक अभियंता अपने अधीन सरकारी क्वार्टर पर ठेकेदारों के आदमियों ने कब्जा कर रखा है वह ना ही तो बिजली का बिल देते ना ही पानी का और ना ही उनकी मकान किराए करता जो कर्मचारी वहां सरकारी आवास में रहकर पानी बिजली और मकान किराए कटवा रहे हैं उन्हें यह लोग प्रताड़ित और करते हैं रात को शराब पीते हैं जिसकी वजह से कर्मचारी परेशान रहते हैं कर्मचारियों का आरोप था कि अगर शीघ्र ही खाली नहीं करवाया तो हम यहां से नहीं हटेंगे साथ ही कर्मचारियों के फिक्सेशन पदोन्नति रिटायरमेंट कर्मचारियों का समय पर भुगतान दिलाने कम पैसों की मरमत करवाने सहित अन्य मांगों को लेकर अधिशासी अभियंता गिरीश जैन के साथ वार्ता हुई वार्ता में सहायक अभियंता योगेश जांगिड़ अबे सिंह मीणा लोकेश लोकेश शर्मा की मौजूदगी में एक माह में सभी मांगों का निस्तारण करना और सरकारी क्वार्टर 1 दिन में खाली करवाने का भरोसा दिलाया तब जाकर कर्मचारी शांत हुए कर्मचारियों ने चेतावनी दी कि सरकारी क्वार्टर 1 दिन में खाली नहीं हुआ और शेष मांगे एक माह में पूरी नहीं हुई तो अधिशासी अभियंता का पुणे घेराव कर प्रदर्शन किया जाएगा। इस मौके पर कर्मचारी नेता बाबूलाल शर्मा महेंद्र सिंह शेखावत बनवारी लाल सैनी ओम प्रकाश मीणा राम बक्स राजकुमार वर्मा रामप्रताप मीणा प्रभु सिंह रावत जय सिंह मीणा गोकुल सिंह मालचंद सिंधी ओम प्रकाश शर्मा सत्यम अग्रवाल सहित कई कर्मचारी नेता उपस्थित रहे।








स्वामी, प्रकाशक व मुद्रक प्रमोद कुमार शर्मा के लिए पूजा प्रिंटर्स सी-4, सुदर्शनपुरा, इंडस्ट्रीज एरिया, जयपुर से मुद्रित एवं 23, गोपी नगर, नियर कुकरखेड़ा मंडी गेट शरद कांटा गली, मुरलीपुरा, जयपुर से प्रकाशित किया जाता है। संपादक प्रमोद कुमार शर्मा। पत्रों में लेखकों द्वारा व्यक्त किए गए विचारों से संपादक एवं प्रकाशक की सहमति अनिवार्य नहीं है। सभी विवादों का न्यायिक क्षेत्र जयपुर होगा। संपादक : प्रमोद कुमार शर्मा, मों. 8504812999 ई-मेल : Viksa.pramod999@gmail.com